दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 22 फरवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 64 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# पीएम मोदी के आगमन से पहले सीएम योगी ने मेरठ में तैयारियों की समीक्षा की

**मेरठ :** मेरठ के लिए कल रविवार का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मेरठ पहुंच कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

**मुख्यमंत्री की अधिकारियों के साथ हाई-लेवल मीटिंग :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ आज मेरठ के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल होने वाले मेगा इवेंट की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। प्रधानमंत्री रविवार, 22 फरवरी को मेरठ वासियों को नमो भारत और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात सौंपने जा रहे हैं। ग्राउंड जीरो पर मुख्यमंत्रीः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर शताब्दी नगर स्टेशन के पास उतरा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और यात्री सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए मेट्रो और नमो भारत में सफर भी किया।







सीएम योगी ने शताब्दी नगर से मेरठ साउथ स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो में सफर किया। इस दौरान उन्होंने तकनीकी बारीकियों और यात्रियों की सुरक्षा के इंतजामों को परखा। मेरठ साउथ स्टेशन का दौराः स्टेशन परिसर में तैनात अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने सुनिश्चित किया कि आम जनता के लिए कल से शुरू होने वाली इस सेवा में कोई बाधा न आए। अधिकारियों के साथ हाई-लेवल मीटिंगः मुख्यमंत्री ने जिले के आला अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और प्रोटोकॉल में कोई भी चूक नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान एसपीजी का पूरा डेरा रहा जिसमें आम जनमानस के अलावा मीडिया को भी प्रतिबंधित किया गया। एसपीजी ने पीएम की सुरक्षा का हवाला देते हुए किसी को भी निरीक्षण के दौरान प्रवेश नहीं करने दिया।

विकास की नई उड़ान : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल शताब्दी नगर स्टेशन से पूरे 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का पूर्ण रूप से उद्घाटन करेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का आगमनः प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी आज देर शाम तक मेरठ पहुंच सकती हैं।₹मेरठ अब केवल क्रांति की धरा ही नहीं, बल्कि आधुनिक विकास का मॉडल बनकर उभरेगा। नमो भारत और मेरठ मेट्रो का एक ही ट्रैक पर चलना भारतीय इंजीनियरिंग का अद्भुत उदाहरण है।

# ग्रेटर नोएडाः पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर यूनिट का किया शिलान्यास, बोले- अब भारत में क्रांति की शुरुआत

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारत को आर्थिक महाशक्ति बताया

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।




यमुना सिटी में सेमीकंडक्टर यूनिट की वर्चुअली तरीके से आधारशिला रखने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर यूनिट लगने से भारत में तकनीकी क्रांति शुरूआत होने जा रही है। कोविड काल में सेमीकंडक्टर सप्लाई न होने से कई कंपनियां बंद हो गई थी। उस समय भारत ने आपदा में अवसर को तलाशा था और अपनी सेमी कंडक्टर यूनिट लगाने का निर्णय लिया था। जो अब पूरा होने जा रहा है।

सेमीकंडक्टर यूनिट के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति के रूप में नए प्रतिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री का हृदय से अभिनंदन किया और उत्तर प्रदेश के नागरिकों की ओर से उनका स्वागत किया।

# कांग्रेस के खिलाफ बीजेपी का विरोध प्रदर्शन

## हिरासत में लिए गए दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के खिलाफ बीजेपी दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को हिरासत में ले लिया गया। प्रदर्शन के दौरान वीरेंद्र सचदेवा 24 अकबर रोड के बाहर बेरीकेडिंग पर चढ़ गए थे। वहां से हटाने के लिए पुलिस को उन्हें हिरासत में लेना पड़ा। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा को छोड़ दिया गया। बीजेपी के कार्यकर्ता और सीनीयर नेता सड़क पर उतर कर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



**एआई समिट किसी पार्टी का कार्यक्रम नहीं- सचदेवा :** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'इस घटना से स्पष्ट है कि राहुल गांधी इस स्तर तक गिर गए हैं कि वे प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे हैं। यह एआई समिट किसी पार्टी का कार्यक्रम नहीं राष्ट्र का कार्यक्रम था, इसमें पूरे विश्व के प्रतिनिधि आए थे। इसमें आप क्या दिखाना चाह रहे थे? यह राष्ट्र की साख को भट्टा लगाना था, हम इसका विरोध करते हैं।'

**देश की जनता देगी जवाब- मनोज तिवारी :** भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'कांग्रेस ने ऐसा देश विरोधी कृत्य किया है, जिसकी भारत की जनता के मन में कोई माफी नहीं होगी। यह किराए के गुंडों से एआई इंपैक्ट समिट जो आज भारत का गौरव बना हुआ है।

से बदनाम करने की कोशिश एक गद्दारी, देशद्रोह है। देश की जनता इसका जवाब देगी।'

# प्रधानमंत्री मोदी के मेरठ कार्यक्रम को लेकर गाजियाबाद में हाई अलर्ट

## पुलिस कमिश्नरेट ने कसी सुरक्षा, कई नेता व संगठन पदाधिकारी नजरबंद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ दौरे और कार्यक्रम को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रधानमंत्री के मेरठ में प्रस्तावित कार्यक्रम और नमो भारत ट्रेन के उद्घाटन को देखते हुए गाजियाबाद जिले की सीमाओं से सटे थानाक्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

पुलिस कमिश्नरेट द्वारा एहतियातन कई संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों और नेताओं पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। भारतीय किसान यूनियन लोनी, मोदी नगर, मसूरी, मुरादनगर सहित, यूजीसी के विरोध में सक्रिय नेताओं, विपक्षी दलों के कुछ प्रमुख चेहरों, हिंदूवादी संगठनों तथा किसान यूनियनों से जुड़े लोगों को उनके-उनके थानाक्षेत्रों में नजरबंद किया गया है। कई स्थानों पर संबंधित व्यक्तियों के आवासों पर दो-दो पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जबकि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

### सुरक्षा कारणों से कड़े कदम

करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह सभी कदम प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और निर्विघ्न संपन्न कराने के उद्देश्य से उठाए गए हैं। मेरठ कार्यक्रम में राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कई केंद्रीय मंत्री और अन्य अति विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में गाजियाबाद, जो मेरठ से सटा हुआ जिला है, प्रधानमंत्री के रूट और आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू) और अन्य खुफिया एजेंसियां अपने स्तर पर लगातार सूचनाएं जुटा रही हैं। शरारती तत्वों, संदिग्ध गतिविधियों और सोशल मीडिया पर फैलने वाली किसी भी भ्रामक या उकसाने वाली सामग्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था से जुड़ी स्थिति को पहले ही रोका जाए, इसी उद्देश्य से यह एडवाइजरी और सतर्कता बरती जा रही है।

### सीमावर्ती थानाक्षेत्रों में विशेष निगरानी

करंट क्राइम : गाजियाबाद के वे थानाक्षेत्र जो मेरठ की सीमा से सटे हैं, वहां बैरिकेडिंग, पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। प्रमुख मार्गों पर पुलिस पिकेट, मोबाइल टीम और क्यूआरटी को तैनात किया गया है, ताकि वीआईपी मूवमेंट के दौरान किसी भी तरह की बाधा न आए। पुलिस कमिश्नरेट का स्पष्ट कहना है कि यह पूरी कवायद केवल सुरक्षा कारणों से की जा रही है और आम नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है, ताकि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट : लाल किला और प्रमुख मंदिरों में धमाके की साजिश रच रहा लश्कर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिला है कि लश्कर-ए-तैयबा लाल किला के सामने धमाके की साजिश रच रहा है। वहीं, अलर्ट के बाद दिल्ली पुलिस हरकत में आ गई है और लाल किला समेत मंदिरों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। इनपुट मिला है कि लश्कर-ए-तैयबा भारत की राजधानी दिल्ली में हमले की साजिश रच रहा है। बताया जा रहा कि चांदनी चौक के पास स्थित मंदिर समेत देश कई धार्मिक स्थल आतंकियों के निशाने पर है।



**धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई :** एक अधिकारी के अनुसार, खुफिया जानकारी मिली है कि दिल्ली में आतंकी खतरे का इशारा है। इसके बाद शनिवार को दिल्ली के खास धार्मिक और पुरानी जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। इसमें लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से शामिल हैं।

**लश्कर-ए-तैयबा के निशाने पर मंदिर :** सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले के पास धमाके के खतरे का अलर्ट जारी किया है। लाल किला एक बड़ा टूरिस्ट डेस्टिनेशन और हाई-सिक्योरिटी जोन है। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसियों ने यह इशारा दिया है कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) ने कथित तौर पर भारत के खास धार्मिक जगहों को अपनी टारगेट लिस्ट में रखा है। सूत्रों के अनुसार, खुफिया इनपुट्स से पता चला है कि चांदनी चौक इलाके का एक मंदिर संभावित टारगेट में से एक हो सकता है। उन्होंने कहा कि इंटेलिजेंस इनपुट्स को वेरिफाई और असेस किया जा रहा है, साथ ही सेंसिटिव धार्मिक जगहों और भीड़भाड़ वाली पब्लिक जगहों पर और उसके आसपास सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट किया है कि लश्कर-ए-तैयबा इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से हमला करने की कोशिश कर सकता है।

# यशोदा मैडिसिटी में शुरू होगा एआई युक्त आईसीयू कमांड सेंटर

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा करेंगे 24 फरवरी को उद्घाटन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय सुविधायें उपलब्ध कराने वाला यशोदा मैडिसिटी अब एक और उपलब्धि अपने नाम करने जा रहा है। यशोदा मैडिसिटी में 24 फरवरी मंगलवार को एआई युक्त ई-आईसीयू कमांडर सेंटर का उद्घाटन होगा। यशोदा मैडिसिटी के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा ने इसकी जानकारी दी और बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा इसका उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम इन्दिरापुरम यशोदा मैडिसिटी में मंगलवार 24 फरवरी को सुबह 11 बजे शुरू होगा। यह कार्यक्रम एक बजे तक चलेगा। यह एक बड़ी उपलब्धी है और इसका लाभ गाजियाबाद और एनसीआर के लोगों को मिलेगा। यह चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ा एचीवमेंट है।

यशोदा मैडिसिटी की मैनेजिंग डॉयरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा ने बताया कि किस तरह से यशोदा मैडिसिटी में स्थापित किया गया एआई इनेबल्ड ई-आईसीयू कमांडर सेंटर कैसे काम करेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एआई युक्त ई-आईसीयू कमांड सेंट्रल एक ऐसा सिस्टम है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके आईसीयू में मरीजों की निगरानी और प्रबंधन को बेहतर बनाता है। इसमें सेंसर और मॉनिटरिंग डिवाइस मरीजों के वाइटल साइन जैसे हृदय गति, रक्तचाप, ऑक्सीजन स्तर को लगातार ट्रैक करते हैं, और एआई इन डेटा को विश्लेषित करके डॉक्टरों को अलर्ट, पैटर्न पहचान, और रिमोट सपोर्ट देता है। इससे डॉक्टर और नर्स लगातार दूर से भी मरीजों की स्थिति पर नजर रख सकते हैं, इलाज में तेजी ला सकते हैं, और संभावित जटिलताओं का पहले से पता लगा सकते हैं।

मंगलवार को यशोदा मैडिसिटी में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उरर्वक मंत्री जेपी नड्डा इसका शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर यशोदा मैडिसिटी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शुभांग अरोड़ा भी मौजूद रहेंगे। चिकित्सा के क्षेत्र में ये एक बड़ी क्रान्ति है और इसका लाभ अंतराष्ट्रीय स्तर पर यशोदा मैडिसिटी में आने वाले मरीजों को मिलेगा। इस उपलब्धि के साथ यशोदा मैडिसिटी विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने वाले देश के चुनिंदा अस्पतालों में एक बार फिर अपनी मजबूत पहचान के साथ सामने आयेगा।



# किसानों को सीएम योगी आदित्यनाथ का तोहफा

## 2.51 लाख लाभार्थियों के खाते में भेजे 460 करोड़ रुपये

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) के अंतर्गत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3500 लाभार्थी परिवारों को भी 175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने बागपत, शामली, कासगंज, भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, राजकीय भूमि संरक्षण केंद्र मऊरानीपुर झांसी में 50 शैय्या के छात्रावास भवन तथा लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास भी किया।

सीएम योगी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन सरकार मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अन्नदाता किसान उन्नत खेती के माध्यम से प्रदेश की समृद्धि में योगदान देते रहेंगे।

**460 करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंचे, बिचौलियों की भूमिका समाप्त**

सीएम योगी ने कहा कि कल ही उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट पारित हुआ है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से बजट के माध्यम से प्रदेश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों के लिए ढेर सारी योजनाएं पास कराई गई हैं। जब बजट होता है तो लाभार्थियों के अकाउंट में सीधे पैसा जाता है और उन्हें लाभ प्राप्त होता है। आज एक बटन दबाते ही 460 करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंच रहे हैं, बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई। लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जनपदों में लाभार्थी परिवारों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

**डीएम को निर्देश- कल तक हर हाल में खाते में पहुंच जाए पैसा :** सीएम योगी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से 2.51 लाख किसान परिवारों को मिली 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति को संबल बताया। कहा कि फसल को सूखे-अतिवृष्टि के कारण नुकसान हुआ है। जब हम फसल का बीमा कराते हैं तो जरूरत पर रिटर्न भी मिलता है।

आपदा के कारण नुकसान हुआ तो भरपाई होती है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि योजना के तहत पहले केवल किसान कवर होता था, उसके परिवार के सदस्य, बटाईदार, सह किसान कवर नहीं होते थे।

हमारी सरकार में 1000 करोड़ से अधिक की धनराशि के जरिए किसान या उसके परिवार के सदस्यों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। किसी मनुष्य की कमी की भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन सरकार संबल देने के लिए खड़ी हो सकती है।

आपदा प्रभावित 3500 पीड़ित किसानों, सह किसानों, पारिवारिक सदस्यों, बटाईदारों आदि को आज लाभान्वित किया गया है। इससे पहले 16 जून 2025 को 11,690 किसानों व आश्रितों को 561.86 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे। सीएम ने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि कल तक यह पैसा सभी किसानों या आश्रित परिवारों के खाते में पहुंच जाए।

**हमारा प्रयास- आपदा के 24 घंटे के भीतर पीड़ितों के खाते में पहुंच जाए पैसा :** सीएम ने कहा कि पहले आपदा आने पर वर्षों तक पीड़ितों को कोई पूछता तक नहीं था। उन्हें क्षतिपूर्ति तक नहीं मिल पाती थी। 2015-16 में एक बार किसी किसान के खाते में दो रुपये, किसी के खाते में चार रुपये आए थे।

हमारा प्रयास है कि बाढ़, आकाशीय बिजली, आगजनी जैसी आपदा आते ही 24 घंटे के भीतर पीड़ित के खाते में पैसा पहुंच जाए।

2025-26 में राज्य आपदा मोचक निधि में 876 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें से फसल क्षति से प्रभावित 5,14,322 किसानों को 260 करोड़ रुपये का कृषि निवेश अनुदान, जनहानि के 5398 पीड़ितों को 216 करोड़, मकान क्षति के 27448 प्रभावितों को 24 करोड़ रुपये सरकार वितरित कर चुकी है।

**लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में होगी डॉप्लर वेदर राडार की स्थापना :** सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर राडार की स्थापना होने जा रही है।





### आपदा मित्रों को मिला तीन साल तक पांच लाख का बीमा कवर

सीएम योगी ने कहा कि आपदा प्रबंधन में फर्स्ट रिस्पॉन्डर आपदा मित्र हो सकता है। पीएम मोदी ने इस संबंध में बड़ा अभियान चलाया है। उत्तर प्रदेश ने पीएम की इस पहल को बढ़ाने का कार्य किया। 25 जनपदों में 29,772 युवा स्वयंसेवकों (एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, भारत स्काउट एंड गाइड) को प्रशिक्षित कर आपदा मित्र प्रबंधन से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया है। इन स्वयंसेवकों को सात दिवसीय प्रशिक्षण के साथ भी जोड़ा गया है। इन्हें इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट, आपदा मित्र ट्रेनिंग, मॉड्यूल आईडी, आईडी कार्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट में लाइफ जैकेट, सर्च टॉर्च, फर्स्ट-एड बॉक्स, सेफ्टी हेलमेट, चश्मा समेत 15 आइटम हैं। प्रदेश सरकार ने प्रशिक्षित युवा स्वयंसेवकों का तीन वर्ष का जीवन व चिकित्सा बीमा करने का निर्णय लिया है। 10 फरवरी को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के साथ एमओयू किया गया है, जिसमें आपदा मित्र को तीन वर्ष के लिए 5 लाख का बीमा कवर प्रदान किया गया है। प्रदेश में अभी तक 2959 युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षित किए जा चुके हैं, शेष का प्रशिक्षण भी आगे बढ़ाया जाएगा।

---

# बृज की होली : रमणरेती आश्रम में फूलों संग बरसा अबीर-गुलाल, होली के रंगों से सराबोर भक्त हुए निहाल

**मथुरा।** मथुरा के महावन स्थित रमणरेती आश्रम स्थित ठाकुर रमण बिहारी का आंगन शनिवार को होली के रंगों से सतरंगी हो गया। प्रिया-प्रियतम ने भक्तों संग होली खेली और उन्हें प्रेम रस के रंग में रंग दिया। ठाकुरजी के आंगन में बरसते होली के प्रेम रंग में सराबोर होकर श्रद्धालु निहाल हो गए।

ठाकुर रमण बिहारी मंदिर में शनिवार को देश-दुनिया से आए भक्तों ने अपने आराध्य के साथ होली खेली। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी में गजब का उत्साह था। हर कोई इस प्रेम रंग की वर्षा से आनंदित हो रहा था।



कलाकारों ने होली रास की मंच पर आकर्षक प्रस्तुति दी। होली के गीतों और रसियाओं पर लठामार होली की अपनी प्रस्तुति से उपस्थित संतों और भक्तजनों को आनंदित कर दिया।

इसके बाद जिस क्षण का भक्तों को इंतजार था, वो घड़ी आ गई। मंच पर कलाकारों ने फूलों की होली का आनंद बिखेरा। भक्त भी इस आनंद को लूटने के लिए रमणबिहारी के जयकारे लगाने लगे। ठाकुरजी का आंगन ठाकुर रमणबिहारी लाल की जय और राधारानी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। उड़ते अबीर-गुलाल से पूरा मंदिर परिसर ऐसा लग रहा था मानो इंद्रधनुष ने रंग बिखेर दिए हो।

मंदिर परिसर में उड़ते अबीर-गुलाल तथा बरसते चंदन, केसर मिश्रित सुगंधित रंग से सराबोर होकर भक्त नाच रहे थे। इस बीच रासलीला में राधा कृष्ण के युगल स्वरूपों ने लठामार होली एवं फूलों की होली खेली।

# यूजीसी रेगुलेशन का विरोध, सवर्ण मोर्चा का जमकर हंगामा

**लखनऊ।** लखनऊ में यूजीसी रेगुलेशन का जमकर विरोध जारी है। शनिवार को सवर्ण मोर्चा के लोग अचानक से सड़क पर उतर आए। उनके हाथ में तिरंगा भी था।

जानकारी पर भारी पुलिस फोर्स पहुंची। सभी को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस से झड़प भी हुई। इतना ही नहीं नाराज लोग बैरिकेडिंग पर भी चढ़ गए। हालात ज्यादा न बिगड़े इस पर पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया। फिर बस में ठूसकर भरकर ईको गार्डन में छोड़ा। प्रदर्शनकारी परिवर्तन चौक से गांधी प्रतिमा जा रहे थे, लेकिन केडी बाबू स्टेडियम के पास पुलिस ने उनका रास्ता रोक लिया। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की।

इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया। इससे आमजन को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।



# बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करेगा भारत?

## आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, समाज की सुरक्षा हमारा पहला दायित्व

**नई दिल्ली।** भारत में भी 15 साल के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (इंस्टाग्राम, फेसबुक और स्नैपचैट) पर प्रतिबंध लगाने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बताया कि उनकी सरकार बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करने जा रही है। इसी के साथ उन्होंने पूछा कि क्या भारत भी इसके लिए तैयार है।

जिस पर अब केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रतिक्रिया दी है। वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि समाज की सुरक्षा को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों से बातचीत जारी है।

**टेक कंपनियों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ चर्चा जारी :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि समाज की सुरक्षा के लिए जरूरी उपायों को लेकर सरकार बड़ी टेक कंपनियों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ लगातार चर्चा कर रही है। उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान पीटीआई से बातचीत में कहा कि इस दिशा में गंभीर स्तर पर विचार-विमर्श चल रहा है और यह तय किया जा रहा है कि समाज को किस तरह की सुरक्षा की जरूरत है और उसे कैसे लागू किया जाए।

वहीं वैष्णव ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट बेहद सफल रहा है। दुनिया भर से राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख इसमें शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सबसे खास बात यह रही कि भारत के युवाओं ने इस नई तकनीक और नए युग को सकारात्मक रूप से अपनाया है।

**पैक्स सिलिका समझौते पर दिया बयान :** इस बीच समिट में भारत और अमेरिका के बीच ह्यपैक्स सिलिकाह्ल समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य एआई और सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना है।

जिस पर वैष्णव ने कहा कि पैक्स सिलिका समझौता खास तौर पर सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए मजबूत और भरोसेमंद देशों के साथ साझेदारी बेहद जरूरी है और यह समझौता भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को काफी फायदा पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह इस बात की भी मान्यता है कि भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग तेजी से प्रगति कर रहा है, और दुनिया भर के देश भारत को एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में देखना चाहते हैं।



### यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर बोले मंत्री

समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर मंत्री ने कहा कि युवाओं और उद्यमियों का उत्साह ही इसका करारा जवाब है। बता दें कि कांग्रेस भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। पार्टी का आरोप है कि भारतीय उत्पादों पर 18 फीसदी शुल्क और अमेरिका से आयात पर शून्य शुल्क देश के भविष्य के लिए नुकसानदेह होगा।

---

# मानहानि केस: भिवंडी कोर्ट में पेश हुए राहुल

## रास्ते में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिखाए काले झंडे




**मुंबई।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र के ठाणे जिले की भिवंडी मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि मामले में नई जमानत पेश करने पहुंचे। अदालत ने उनसे नया जमानतदार पेश करने को कहा था, क्योंकि उनके पूर्व जमानतदार और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का पिछले साल दिसंबर में निधन हो गया था।

**हर्षवर्धन सपकाल ने जमानतदार के रूप में पेश :** राहुल गांधी इस मामले में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को नए जमानतदार के रूप में पेश कर रहे हैं। उनके वकील नारायण अय्यर के अनुसार, मजिस्ट्रेट ने औपचारिकताएं पूरी करने के लिए गांधी को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। अय्यर ने कहा कि मामला तेजी से आगे बढ़ रहा है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार देशभर में सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है।

वकील ने यह भी कहा कि बचाव पक्ष उचित समय पर अपने गवाह और दस्तावेजी साक्ष्य अदालत के समक्ष पेश करेगा। उन्होंने न्यायपालिका पर विश्वास जताते हुए कहा कि उन्हें भारतीय न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और इस मामले में न्याय मिलने की उम्मीद है।

**मामले की सुनवाई 4 अप्रैल तक के लिए स्थगित :** कांग्रेस नेता, सपकाल के साथ, सुबह करीब 11 बजे मजिस्ट्रेट के सामने पेश हुए। उन्होंने अपने अधिवक्ताओं नारायण अय्यर और कुशल मोर के साथ मिलकर सकपाल को अपना नया जमानतदार नियुक्त किया।

**क्या है पूरा मामला? :** यह मामला आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे की शिकायत से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी ने 2014 लोकसभा चुनाव के दौरान सोनाले गांव की एक रैली में आरएसएस को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ने वाला बयान दिया था, जिससे संगठन की छवि धूमिल हुई। कुंटे ने भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में कुंटे की जिरह और पुनः पूछताछ पूरी हो चुकी है।

# '31 मार्च तक देश से खत्म होगा नक्सलवाद', असम में पहली बार हुई सीआरपीएफ स्थापना दिवस परेड में बोले गृहमंत्री अमित शाह

**दिसपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस परेड का असम में पहली बार आयोजन होना पूरे पूर्वोत्तर के लिए गर्व का क्षण है। गुवाहाटी में आयोजित परेड को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 86 साल के इतिहास में पहली बार सीआरपीएफ की रेजिंग डे परेड पूर्वोत्तर में हो रही है, जो क्षेत्र के महत्व को दर्शाती है। शाह ने बताया कि 2019 में निर्णय लिया गया था कि यह वार्षिक परेड देश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित की जाएगी।

**31 मार्च तक देश से नक्सल समस्या का होगा सफाया :** परेड को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में बल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जहां पत्थरबाजी की घटनाओं की संख्या घटकर शून्य हो गई है, इसके अलावा मणिपुर में जातीय हिंसा से निपटने और केवल तीन वर्षों में माओवादियों की कमर तोड़ने के लिए भी बल को तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि मैं सीआरपीएफ पर भरोसा कर सकता हूं और विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम 31 मार्च तक देश से नक्सल समस्या का सफाया कर देंगे।

**वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2.0 की शुरूआत :** इससे पहले गृह मंत्री ने कछार जिले के कटिगरा स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र के नतनपुर में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2.0 की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत देश के 17 राज्यों के 334 ब्लॉकों और करीब 1,954 गांवों के साथ-साथ असम के 140 सीमावर्ती गांवों में विकास कार्यक्रम चलाए जाएंगे।



**अवैध अतिक्रमण को बताई सबसे बड़ी समस्या :** अमित शाह ने असम में अवैध अतिक्रमण को सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि कई गांवों की जमीन पर अतिक्रमण हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने अतिक्रमण रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने का अभियान चल रहा है, जिसमें घुसपैठियों की पहचान कर चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी।

**पिछली सरकार पर साधा निशाना**

सिलचर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में असम में प्रतिदिन औसतन 14 किलोमीटर सड़क निर्माण हुआ, सैकड़ों पुल बने और चार बड़े नए पुलों का उद्घाटन किया गया।

गृह मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद उसने असम के विकास के लिए पर्याप्त काम नहीं किया और राज्य की सीमाओं को घुसपैठ के प्रति संवेदनशील छोड़ दिया, जिससे असमिया लोगों के अधिकार प्रभावित हुए।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कांग्रेस का वार, कहा- ये डील नहीं देश के लिए परेशानी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को रद्द कर दिया। अदालत ने साफ कहा कि इतने बड़े स्तर पर टैरिफ लगाने का अधिकार सीधे राष्ट्रपति को नहीं है। इस फैसले के बाद भारत की राजनीति में भी प्रतिक्रिया सामने आई। कांग्रेस ने इसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

कांग्रेस का आरोप है कि भारत और अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता दरअसल देश के लिए ओरडील यानी परेशानी साबित हो रहा है। पार्टी का कहना है कि यह समझौता मजबूरी और जल्दबाजी में किया गया।



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि भारत सरकार थोड़ा इंतजार करती और सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने देती, तो शायद भारत को एकतरफा शर्तों वाले समझौते का सामना नहीं करना पड़ता।

कांग्रेस का तर्क है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी छवि बचाने और राजनीतिक दबाव से निकलने के लिए जल्दबाजी में यह समझौता किया। पार्टी का दावा है कि इससे भारतीय किसानों और देश के आर्थिक हितों को नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर कांग्रेस इस व्यापार समझौते को संतुलित नहीं, बल्कि दबाव में किया गया फैसला बता रही है। उन्होंने अमेरिकी न्याय व्यवस्था की सराहना भी की।

जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि दो फरवरी 2026 की रात अमेरिका द्वारा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा अचानक कर दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि लोकसभा में उसी दिन दोपहर क्या हुआ था, जिससे प्रधानमंत्री को व्हाइट हाउस से घोषणा करवानी पड़ी।

# तमिलनाडु में हिंदी की कोई जगह नहीं : उदयनिधि स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के डिप्टी मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने हिंदी भाषा को लेकर फिर साफ और सख्त रुख दोहराया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में हिंदी थोपने का विरोध कोई नया मुद्दा नहीं है, बल्कि यह लंबे इतिहास और आंदोलन से जुड़ा हुआ है।

उदयनिधि स्टालिन ने बताया कि सबसे पहला हिंदी विरोध आंदोलन 1937-38 में समाज सुधारक पेरियार ने शुरू किया था, जब स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य बनाने का फैसला लिया गया था। उन्होंने कहा कि उस समय पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि (कलाईनार) भी 14 साल की उम्र में तिरुवरूर में हुए प्रदर्शन में शामिल हुए थे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में लापरवाही, निरीक्षण में 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नदारत मिले, रोका वेतन



**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में लापरवाही सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपनी ड्यूटी से नदारत पाए गए। इसे गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी 19 मजिस्ट्रेटों के वेतन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षा जैसी संवेदनशील जिम्मेदारी में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

22 Feb -26 page 3 21-02-26 9:55 PM Page 1

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# क्यों मच गया थाने वाले डोनेशन को लेकर भाजपा में ही तूफान

## निर्माण के लिए किससे लिया, इस सवाल के साथ सोशल मीडिया पर आ गये भगवा पहलवान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वैसे तो ये आग कई दिनों से सुलग रही थी। मगर कोई खुलकर बोल नहीं रहा था। लेकिन दबी जुबान से ये किस्से बाहर आ रहे थे। कोई पार्षद बता ही देता था कि इतनी मात्रा का सीमेंट देना है, इतना सामान दिया है। इसके बाद नदिया पार से ये किस्सा शहर तक भी आया।



व्यापार मंडल के नेताओं की जुबान से ये सच दायें बायें होकर बाहर आया। सीन में प्रशासन भी आ गया और व्यापार मंडल वालों ने ही ये कहा कि चाय पर उन्होंने बुलाया और हमें अपने दफ्तर का हाल दिखाया। जब अधिकारी मेन मुद्दे पर आये तो व्यापार मंडल वाले भी सयाने निकले। कोई एक घूंट में चाय खत्म कर कमरे से बाहर आ गया और किसी ने कान पर फोन लगाया और फोन सुनते हुए बाहर निकल आये। इसके बाद रिनोवेशन के डोनेशन वाले ये फसाने बाहर आ गये। पता चला कि जो ले रहे थे वो भी गलत नहीं थे और कई जगह तो बाकायदा एन्ट्री हुई है और कहीं देने का ट्रांक्जेशन भी नोट है। मामला अब खुलकर सामने आया है तो लेने वाले भी आफ द रिकार्ड सीन को लेकर हार्ड हैं। वो कहीं ना कहीं इस बात को रख रहे हैं कि हम अपने घर के लिए नहीं ले रहे थे।

हम अपना निजी दफ्तर सजाने के लिए नहीं ले रहे थे। बात का सार ये है कि मंशा के अनुरूप काम हो रहा था और मंशा किसकी है ये सबको पता है। वहीं दूसरी तरफ देने वाले भी अब क्रान्तिकारी अंदाज में हैं। वो भी इस तेवर के साथ हैं कि हमारी ही सरकार और हमारी ही जेब पर वार ये तो नहीं चलेगा। बहरहाल अब ये रिनोवशन टू डोनेशन वाला जिन्न बोतल से बाहर आ गया। ऑडियो वायरल वो सीन के बाद महामंत्री पप्पू पहलवान सामने आ गये। उन्होंने एक पोस्ट डाली और लिखा कि थाने के निर्माण के लिए किस किस से लिया एक बार बताओ तो सही।




### ना पक्ष ना विपक्ष मैं चाहता हूं सामने आये सच : पप्पू पहलवान

करंट क्राइम। थाने का फसाना बाहर आया है और बताया ये भी जाता है कि जनता के पैसे से थाना बना है। पुलिस आयुक्त ने उद्घाटन किया और यहां उसके बाद से ये फसाना आ गया। पप्पू पहलवान आखिर ये क्यों जानना चाहते हैं कि थाने के निर्माण के लिए किस किस से लिया। इसको लेकर करंट क्राइम ने पप्पू पहलवान से बात की। भाजपा के महामंत्री पप्पू पहलवान ने कहा कि मैं किसी के ना पक्ष में हूं और ना विपक्ष में हूं। सबसे खास बात ये है कि जब इस तरह के किस्से बाहर आते हैं तो छवि पुलिस प्रशासन या अन्य किसी की धूमिल नहीं होती है। इस तरीके की बातों से जनता के बीच सरकार की छवि पर असर पड़ता है। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और यह हमारा दायित्व है और हम अपनी सरकार की सकारात्मक छवि को जनता के सामने रखें और नकारात्मक कुछ हो रहा हैं तो उसका संज्ञान लें। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ इतना चाहता हूं कि ना कोई पक्ष हो, ना कोई विपक्ष हो लेकिन सच सामने आना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति के पास कोई सबूत है तो वो सामने आये। इस तरह के मामलों में अर्नगल बयानबाजी नहीं होनी चाहिए।

# नहीं रहे लेखाधिकारी एके मिश्रा

## आज हिंडन मोक्ष स्थल पर होगा अंतिम संस्कार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में लेखाधिकारी पद पर तैनात रहे एके मिश्रा का निधन हो गया। अरूण कुमार मिश्रा गाजियाबाद नगर निगम में लम्बे समय तक लेखाधिकारी के पद पर तैनात रहे। वर्तमान में वह मुरादाबाद नगर निगम में लेखाधिकारी पद पर तैनात थे। गाजियाबाद नगर निगम में उनका लम्बा कार्यकाल रहा और वह कर्मठ अधिकारियों में शुमार होते थे। अरूण कुमार मिश्रा काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे और उनका उपचार चल रहा था। वह गाजियाबाद में गोल्फ लिंक लैंड क्राफ्ट सोसायटी में रहते थे। अरूण कुमार मिश्रा का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज हिन्डन मोक्ष स्थल पर होगा। उनकी अंतिम यात्रा उनके लैंड क्राफ्ट गोल्फ लिंक निवास एक्स-



16 से 11 बजे शुरू होगी। गाजियाबाद नगर निगम में लेखाधिकारी पद पर तैनात रहे और वर्तमान में मुरादाबाद नगर निगम में लेखाधिकारी पद पर तैनात अरूण कुमार मिश्रा के निधन पर गाजियाबाद नगर निगम के कर्मचारी संघ से लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी शोक व्यक्त किया है।

# बदलेगा गाजियाबाद का न्यायालय परिसर, लौटेगी हरियाली

## एलईडी लाइट, बेहतर सड़क और बैठने की आधुनिक व्यवस्था होगी उपलब्ध, महापौर व जिला जज ने किया संयुक्त रूप से निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद शहर को साफ, सुंदर और प्रदूषण-मुक्त बनाने के अभियान के तहत गाजियाबाद नगर निगम अब शहर की पुरानी और महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों के आसपास के इलाकों को भी नए सिरे से संवारने में जुट गया है। इसी कड़ी में जिला न्यायालय गाजियाबाद परिसर को आधुनिक सुविधाओं और हरियाली से युक्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

बीते दिनों महापौर सुनीता दयाल और जिला जज विनोद कुमार रावत ने संयुक्त रूप से न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने पूरे परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुधार की जरूरतों को चिन्हित किया। निरीक्षण में यह तय किया गया कि न्यायालय परिसर में बड़े पैमाने पर पौधारोपण व वृक्षारोपण किया जाएगा, जिससे पहले जैसी हरियाली वापस लाई जा सके।

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए परिसर को प्रदूषण-रहित और स्वच्छ बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही अधिवक्ताओं और आगंतुकों के लिए आरामदायक सीमेंट की बेंच लगाई जाएंगी, ताकि उन्हें बैठने की उपयुक्त और व्यवस्थित सुविधा मिल सके।





### रात को भी रोशन रहेगा न्यायालय परिसर

करंट क्राइम : रात्रि के समय बेहतर रोशनी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। वहीं न्यायालय परिसर के भीतर और आसपास की सड़कों की मरम्मत कर उन्हें दुरुस्त और सुचारू बनाया जाएगा, जिससे आमजन, वकीलों और न्यायिक अधिकारियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि न्यायालय परिसर शहर की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते हैं, ऐसे में यह आवश्यक है कि उन्हें साफ-सुथरा, सुरक्षित और हरियाली से भरपूर वातावरण मिले। जिला जज विनोद कुमार रावत ने भी नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की बात कही। निरीक्षण के बाद यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में गाजियाबाद का न्यायालय परिसर आधुनिक सुविधाओं, सुंदर हरियाली और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ एक नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा।

# सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे बड़े थानों का विचित्र सीन

## सात में से पांच में ब्राह्मण फैक्टर का योग, राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिस्टम में बीते कुछ ही महीनों के दौरान एक ऐसा क्रम उभरकर सामने आया है, जिसने पुलिस महकमे से लेकर राजनीतिक गलियारों तक चर्चाओं को तेज कर दिया है। देश की सबसे बड़ी मानी जाने वाली साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ट्रांस हिंडन जोन के प्रमुख थानों में एक के बाद एक ब्राह्मण फेस वाले थाना प्रभारियों की तैनाती को लेकर सवाल उठने लगे हैं।



रविंद्र पंत



नरेश शर्मा

सूत्रों के अनुसार, सबसे पहले खोड़ा थाने में इंस्पेक्टर नरेश शर्मा की तैनाती की गई। इससे पहले यहां आनंद मिश्रा प्रभारी के रूप में तैनात थे। इसके बाद लिंक रोड थाना की कमान रविंद्र पंत को सौंपी गई, जबकि उनसे पहले यहां अरविंद पाठक प्रभारी थे।

हाल ही में शालीमार गार्डन थाना प्रभारी बृजेश यादव को ऑडियो वायरल प्रकरण के बाद हटाया गया और वहां अवधेश त्रिपाठी को नया थाना प्रभारी बनाया गया। इसी क्रम में इंदिरापुरम थाना में रवेंद्र गौतम और कौशांबी थाना में अजय शर्मा की तैनाती भी चर्चा का विषय बनी हुई है।



अवधेश त्रिपाठी



रवेन्द्र गौतम



अजय शर्मा

### सात में से पांच थानों में एक जैसा पैटर्न

करंट क्राइम : जानकारों का कहना है कि साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सात प्रमुख थानों में से पांच थानों में ब्राह्मण फेस वाले अधिकारियों की तैनाती को महज संयोग मानना मुश्किल है। पुलिस के भीतर यह चर्चा आम है कि यह सिर्फ प्रशासनिक सहयोग है या फिर किसी सोची-समझी रणनीति के तहत किया गया चयन। सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि इन पोस्टिंग्स के पीछे किसका प्रभाव काम कर रहा है। क्या यह पुलिस अधिकारियों का आंतरिक निर्णय है, या फिर इसके पीछे कोई पॉलिटिकल पोस्टिंग का एंगल भी जुड़ा हुआ है? राजनीतिक सूत्रों की मानें तो एक सत्ताधारी दल पर पहले ब्राह्मणों के विरोध का टैग लगने की बातें होती रही हैं। ऐसे में यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि कहीं यह टैग हटाने या संतुलन साधने की कोशिश तो नहीं।

### पुलिस और राजनीति-दोनों में हलचल

करंट क्राइम : फिलहाल, पुलिस इसे रूटीन ट्रांसफर-पोस्टिंग बता रहा है, लेकिन जिस तरह से सात में से पांच थानों में एक ही सामाजिक फेस का योग बन रहा है, उसने चर्चाओं को और हवा दे दी है। पुलिस महकमे में इसे विचित्र सहयोग कहा जा रहा है, तो वहीं राजनीतिक गलियारों में इसे आने वाले दिनों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। बहरहाल, यह पूरा मामला महज संयोग है या किसी बड़ी कहानी की शुरूआत—इस पर अभी पर्दा पड़ा हुआ है। लेकिन इतना तय है कि साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में थानों की इस नई तस्वीर ने पुलिस और राजनीति, दोनों के बीच हलचल जरूर पैदा कर दी है। आने वाले समय में यह योग किस दिशा में जाता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

# वायरल ऑडियो के बाद बड़ा एसएचओ पर एक्शन

# शालीमार गार्डन थाना प्रभारी हटाए गए

## अवधेश त्रिपाठी को सौंपी कमान, महिला थानाध्यक्ष भी बदली गईं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों प्रशासनिक सख्ती और फेरबदल का दौर जारी है। बीते दिनों शालीमार गार्डन थाना प्रभारी बृजेश यादव का एक ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वायरल ऑडियो में थाने के निर्माण कार्य के नाम पर कथित तौर पर मांग और अनैतिक डिमांड की बात सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें शालीमार गार्डन थाने से हटाकर साइबर थाना/सीसीआईटी सेल में संबद्ध कर दिया है।






### अवधेश त्रिपाठी बने शालीमार गार्डन थाना प्रभारी



करंट क्राइम : शालीमार गार्डन थाने की जिम्मेदारी अब वीआईपी सेल प्रभारी अवधेश त्रिपाठी को सौंपी गई है। माना जा रहा है कि यह बदलाव न केवल अनुशासनात्मक संदेश देने के लिए किया गया है, बल्कि थानों में चल रहे निर्माण कार्यों और जन-सहयोग के नाम पर उठ रहे सवालों पर भी सख्त नियंत्रण का संकेत है।

### महिला थानाध्यक्ष बदली गईं, श्वेता सिंह को प्रभार



करंट क्राइम : इसी क्रम में महिला थानाध्यक्ष रितु त्यागी को भी पद से हटाकर ट्रांसफर कर दिया गया है। उनकी जगह 15 बैच की श्वेता सिंह, जो वर्तमान में चौकी प्रभारी कनावनी (थाना इंदिरापुरम) थीं, को महिला थाना अध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि रितु त्यागी जनसुनवाई और विभागीय रैंकिंग में शीर्ष पर चल रही थीं, फिर भी उनके खिलाफ कार्रवाई के कारणों को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के अनुसार, महिला थाना और उससे जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ खटपट की चर्चा भी सामने आ रही है।

### तीन दिन में दो प्रभारी हटे, जन-सहयोग बना वजह

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में दो थाना प्रभारी जन-सहयोग के नाम पर निर्माण कार्यों से जुड़े मामलों में हटाए जा चुके हैं। शालीमार गार्डन के बाद ट्रोनिका सिटी थाना भी चर्चा में रहा, जहां एक संगठन के पदाधिकारी से कथित डिमांड के बाद मामला बिगड़ा। इसके बाद थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक को हटाकर वहां मनीष बिष्ट को तैनात किया गया।

### अन्य थाना प्रभारियों में अलर्ट मोड

करंट क्राइम : इन लगातार कार्रवाइयों के बाद सिटीजन एरिया और ट्रांस हिंडन/नदिया पार क्षेत्र के कई थाना प्रभारी अलर्ट मोड पर आ गए हैं। चर्चा है कि निर्माण या जन-सहयोग के नाम पर की गई किसी भी पहल में अब अधिकारी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं, ताकि वे किसी विवाद में न फंसें।

### होली के बाद और बड़े फेरबदल संभव


करंट क्राइम। उधर, पुलिस कमिश्नरेट के विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि होली के बाद गाजियाबाद पुलिस में और भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कई अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें लंबित हैं, जिन पर जांच के बाद कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। कुल मिलाकर, वायरल ऑडियो और डिमांड के मामलों ने पुलिस महकमे में सख्त संदेश दे दिया है कि अनुशासन और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं होगा। आने वाले दिनों में यह साफ होगा कि यह कार्रवाई महज शुरूआत है या फिर एक बड़े प्रशासनिक बदलाव का संकेत।

# गोविन्दपुरम अनाज मंडी जगमगायेगी दस बड़ी सोलर लाइटों की रोशनी से

## एलएलसी दिनेश गोयल करेंगे जल्द ही इन सोलर लाईटों को उद्घाटन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविन्दपुरम अनाज मंडी में दस सोलर लाईट लगाई गयी हैं। एक लम्बे समय से व्यापारियों की ये मांग थी कि रात के समय मंडी में प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए। गोविन्दपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने व्यापारियों की इस मांग को लेकर एमएलसी दिनेश गोयल को पत्र लिखा था। सुधीर गोयल मोनू की मांग को स्वीकृत करते हुए दिनेश गोयल ने अपनी विधायक निधि से गोविन्दपुरम अनाजमंडी में दस बड़ी सोलर लाईट लगाने के लिए प्रस्ताव दिया था। यह प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और गोविन्दपुरम अनाजमंडी में दस सोलर लाईट लग गयी हैं। गोविन्दपुरम अनाजमंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने सोलर लाईट लगने पर खुशी व्यक्त करते हुए अनाजमंडी की सभी व्यापारियों की ओर से एमएलसी दिनेश गोयल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही एमएलसी दिनेश गोयल से समय लेकर इन बड़ी सोलर लाईटो का उद्घाटन विधिवत रूप से उन्हीं के करकमलों द्वारा कराया जायेगा। एमएलसी दिनेश गोयल ने अनाजमंडी के व्यापारियों की मांग पर यह सोलर लाईट लगवायी हैं।





### तो क्या जनरली 62 लाख वाले टायलेट का उद्घाटन करेंगे एमएलसी दिनेश गोयल

करंट क्राइम। गोविन्दपुरम अनाजमंडी में एमएलसी दिनेश गोयल की निधि से सोलर लाईट लगी हैं। इसी मंडी में लगभग 62 लाख की लागत से व्यापारियों की सुविधा के लिए टॉयलेट का निर्माण किया गया है। यह टॉयलेट तत्कालीन लोकसभा सांसद और केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की निधि से बनाये गये थे। टॉयलेट बनकर तैयार हुए तो लोकसभा का सीन बदल गया। जनरल वीके सिंह अब मिजोरम के राज्यपाल हैं। मगर गोविन्दपुरम अनाजमंडी में 62 लाख रूपये की कीमत से बने इस टॉयलेट के उद्घाटन पत्थरों पर आज भी जनरल वीके सिंह का नाम लिखा है। टॉयलेट उदघाटन एक लेट कथा की पटकथा ये है कि जिनकी निधि से ये विकास हुआ वो अब मिजोरम में रहते हैं। उदघाटन का फीता कौन काटेगा इसे लेकर अधिकारी किसी उलझन में नहीं पड़ना चाहते हैं। लिहाजा टॉयलेट बनकर तैयार हैं और लगभग 1.5 साल इन टॉयलेट को बने हुए हो गया मगर मंडी में आने वाले किसानों और व्यापारियों के लिए इसका ताला नहीं खुला है। उदघाटन वाला सीन हुआ नहीं है और जिसकी निधि से काम हुआ है उन्हीं को उदघाटन करना है। गोविन्दपुरम अनाजमंडी के महामंत्री तथा फूडग्रेन एसोसिएशन के महासचिव सुधीर गोयल मोनू ने इनके उदघाटन को लेकर कहा कि हमारा ये प्रयास है कि जब दिनेश गोयल यहां सोलर लाईट का उदघाटन करने आयेंगे तो उन्हीं से इन टॉयलेट का भी उदघाटन करवा लिया जायेगा। जिनकी निधि से विकास हुआ है, जिनका नाम इस पत्थर पर है क्या वो इसकी सहमति देंगे या फिर ऐसे ही उदघाटन हो जायेगा।

### क्या जनरल को है खबर इस टॉयलेट एक लेट कथा की

करंट क्राइम। गोविन्दपुरम अनाजमंडी में तत्कालीन लोकसभा सांसद और तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की सांसद निधि से टॉयलेट का निर्माण हुआ था। लगभग 62 लाख की लागत से ये टॉयलेट बनेथे। दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व में भी प्रकाशित किया था कि ये इंतजार की घड़ियां गिन रहे हैं। पत्थर पर जनरल वीके सिंह का नाम लिखा है। उनके नाम का पत्थर और कोई दूसरा उदघाटन करे ये भी अजीब रहेगा। क्या जनरल वीके सिंह को इस बात की जनरली जानकारी है कि उनके नाम का कोई पत्थर गाविन्दपुरम अनाजमंडी में लगा है और उनकी निधि से हुआ कोई विकास कार्य लोकार्पण का इंतजार कर रहा है। क्या मंडी के अधिकारियों ने विधिवत रूप से इसकी सूचना मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह को दी है। क्या मंडी के अधिकारियों ने जनरल वीके सिंह ने इस बात का लिखित या मौखिक अनुरोध किया है या उन्हें सूचना दी है कि वो इसका उदघाटन कर दें या किसी को अधिकृत कर दें। आखिर क्यों इस टॉयलेट पर डेढ साल से भी अधिक समय से ताला लगा हुआ है।

## संपादकीय

# स्वास्थ्य शिविर में लापरवाही

गोरखपुर में एक स्वास्थ्य शिविर में मोतियाबिंद के आपरेशन के बाद संक्रमण से नौ मरीजों की एक आंख निकालनी पड़ी और नौ अन्य की एक आंख की रोशनी चली गई। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। इस शिविर का आयोजन एक स्थानीय निजी अस्पताल की ओर से किया गया था और यहां कई लोगों ने ह्यआयुष्मान भारतह्न योजना के तहत आंख के आपरेशन कराए। प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद स्थानीय प्रशासन ने माना कि इन मामलों में गंभीर चूक हुई है। सामान्यत: चिकित्सक मरीज के मर्ज को ठीक कर उसके जीवन को बेहतर बनाता है, इसलिए उसे ईश्वर का दूसरा रूप भी कहा जाता है। ऐसे में किसी चिकित्सक या उनके सहायक की इस तरह की लापरवाही को किस तरह देखा जाएगा। यह घटना इस बात को भी उजागर करती है कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े अमले में कर्तव्य के प्रति कोताही और असंवेदनशीलता की जड़ें किस तरह गहरी होती जा रही हैं। यह घटना कोई पहला मामला नहीं है। मोतियाबिंद के आपरेशन के बाद संक्रमण से आंखों की रोशनी खत्म हो जाने के मामले देश भर में अक्सर सामने आते रहते हैं। चाहे सरकारी अस्पताल हों या निजी, इस तरह की लापरवाही अब आम बात हो गई है। गोरखपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब तीस मरीजों की आंख का आपरेशन किया गया था, जिसके बाद चौबीस घंटे के भीतर अठारह मरीजों की आंख में संक्रमण हो गया। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? हालांकि ऐसे मामलों में स्पष्ट कानूनी प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन साफ है कि उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है। अक्सर देखा गया है कि इस तरह की घटनाओं में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित के जख्मों पर मामूली मुआवजे का मरहम लगाकर मामले को निपटा दिया जाता है, जिस कारण व्यवस्था में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का आलम जस का तस बना रहता है। जाहिर है, जब तक चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। खूबसूरत दुनिया की सुंदरता देखने के लिए आंखों की रोशनी बहुत ही अनमोल है, जिसे बुढ़ापे तक सुरक्षित रखना जरूरी है। हमारे शरीर के सभी अंग बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। फिर भी अगर शरीर के सबसे नाजुक और महत्वपूर्ण अंग की बात करें, तो वह आंखें होती हैं। हम अक्सर कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिसके कारण हमारी आंखों की रोशनी कम होने के साथ-साथ गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाती है। इसमें मोतियाबिंद बहुत आस समस्या है।

# यूआईडीएआई का एआई सुरक्षा कवच, एक अरब पहचान सुरक्षित

# 2028 तक डाटा सेंटर्स की पानी मांग 11 गुना बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते विस्तार के लिए न केवल बिजली, बल्कि जल संसाधनों की भी बहुतायत मात्रा में जरूरत पड़ेगी। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की नवीनतम रिपोर्ट में यह बात कही गई है।



भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने एक अरब से अधिक भारतीयों की पहचान में सेंध लगने से रोकने के लिए एआई आधारित अगली पीढ़ी के डिजिटल सुरक्षा ढांचे की शुरूआत की है। अदृश्य ढाल कहलाने वाली ये पहल आधार नामांकन और अपडेट के दौरान फिंगरप्रिंट, चेहरे और आईरिस की सटीकता बढ़ाती है ताकि डुप्लिकेट आईडी न बन सकें। इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय की तरफ से मुहैया कराई गई जानकारी के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुरक्षा ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए यूआईडीईआई की तरफ से शुरू की गई यह प्रणाली एआई-सक्षम है, जो त्वरित कंप्यूटिंग का इस्तेमाल करके चुटकियों में करोड़ों गणनाएं कर लेती है। आधार पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित बनाने वाली यह प्रणाली मल्टी लेयर है जो अदृश्य ढाल की तरह नागरिकों के विश्वास और डाटा विश्वसनीयता की रक्षा सुनिश्चित करती है। यूआईडीएआई प्रत्येक नागरिक की एक विशिष्ट पहचान के सिद्धांत को बनाए रखने के लिए दुनिया के सबसे बड़े बायोमेट्रिक डुप्लीकेशन सिस्टम में से एक का संचालन करता है। प्रत्येक नए आधार नामांकन का संपूर्ण पंजीकृत आधार डेटाबेस से मिलान किया जाता है ताकि उसकी विशिष्टता सुनिश्चित हो सके। इस सुरक्षा ढांचे को और मजबूती देने के लिए यूआईडीएआई ने हैदराबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से उंगलियों के निशान, चेहरे और आंखों की पुतली जैसी सभी बायोमेट्रिक पद्धतियों के लिए स्वदेशी रूप से उन्नत एआई मॉडल विकसित किए हैं।

**डाटा केंद्रों के लिए 2028 तक 11 गुना शुद्ध पानी की जरूरत :** रिपोर्ट के मुताबिक, एआई डाटा केंद्रों के पानी की वार्षिक जरूरत 2024 के अनुमानों के मुकाबले 2028 तक कम से कम 11 गुना यानी 1,068 अरब लीटर तक शुद्ध पानी की आवश्यकता होगी। वहीं, गूगल की हालिया एनवायरमेंटल रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2023 में गूगल के डेटा सेंटर्स को कुल 6.1 अरब गैलन (लगभग 23 अरब लीटर) शुद्ध पानी की आवश्कता पड़ी थी।

### जल्द राष्ट्रव्यापी स्तर पर हो सकेगा डाटा का मिलान

फर्जी नामांकन को रोकने के लिए एआई आधारित ये मॉडल एनवीडिया डीजीएक्स के उच्च प्रदर्शन इन्फरेंस इंफ्रास्ट्रक्चर पर चलते हैं जिससे जनसंख्या स्तर पर आंकड़ों की सुरक्षित ढंग से गणना और मिलान संभव हो पाता है। डुप्लिकेशन हटाने के प्रत्येक प्रयास में अरबों गणनाएं शामिल होती हैं।

नवीनतम एआई अनुमान तकनीकों के साथ यूआईडीएआई की तरफ से पहले ही कई राज्यों के लिए उन्नत डुप्लिकेशन हटाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। आने वाले महीनों में इसे राष्ट्रव्यापी स्तर पर डाटा के मिलाने में सक्षम बना लिया जाएगा।

### धोखाधड़ी पर लगाम कसने में मिलेगी मदद

नामांकन धोखाधड़ी रोकने के लिए यूआईडीएआई एआई-आधारित दस्तावेज मेटाडेटा निष्कर्षण और प्रामाणिक स्रोत के विरुद्ध सत्यापन का उपयोग कर रहा है। यह बुनियादी ढांचा दस्तावेज के सत्यापन के लिए डिजीलॉकर के एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस का उपयोग करता है। इसी किसी तरह की धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलेगी। नई पहल दस्तावेज की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने, नामांकन व अपडेट में लगने वाला समय घटाने और सेवा गुणवत्ता बढ़ाने में मददगार होगी।

# भारत के विजन पर 88 देशों-संगठनों की मुहर

## 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' पर वैश्विक सहमति



**नईदिल्ली।** नई दिल्ली में संपन्न हुए एआई समिट 2026 में 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भारत के एआई घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे 'ह्यूमन-सेंट्रिक एआई' की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' को एक बड़ी कूटनीतिक और तकनीकी सफलता मिली है।

88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को इसकी घोषणा करते हुए साफ किया कि दुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण' को खुले तौर पर स्वीकार कर लिया है। यह कदम वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के सुरक्षित, समान और जवाबदेह विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है।

**वैश्विक सहयोग और 'सर्वजन हिताय' का सिद्धांत :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कुल 88 हस्ताक्षरकताओं में से 86 देशों और दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' (सभी का कल्याण, सभी की खुशी) के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है।

### शिखर सम्मेलन से जुड़ी प्रमुख नीतिगत बातें


**ग्लोबल साउथ का नेतृत्व :** यह 'ग्लोबल साउथ' में आयोजित होने वाला दुनिया का पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था।

**हितधारकों का महामंच :** इस आयोजन में दुनिया भर के सरकारी नीति-निमार्ताओं, एआई क्षेत्र के उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**मानवता के लिए एआई :** इस समिट का फोकस एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार करने के साथ-साथ, 'मानवता के लिए एआई' के वैश्विक सिद्धांत को आगे बढ़ाना था।

# अमेरिका ने लगाया भारी शुल्क

## फिर भी भारत से व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर तक बढ़ा



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक भारी टैरिफ लगाए, इसके बाद भी 2025 में भारत के साथ उसका व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर तक बढ़ गया। यह आंकड़ा पहले 45.7 अरब डॉलर के करीब था। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च टैरिफ के बावजूद अमेरिका की घरेलू मांग और आयात निर्भरता के कारण घाटा कम नहीं हो पाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक उच्च टैरिफ लगाने के बावजूद अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 2025 में 58.2 अरब डॉलर हो गया। यह पहले 45.7 अरब डॉलर के करीब था। इस बात की जानकारी अमेरिकी सरकार ने टैरिफ पर तेज होती हलचल के बीच शनिवार को दी। बता दें कि अमेरिका का दिसंबर 2025 में कुल व्यापार घाटा (वस्तु और सेवा) 70.3 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर में 53 अरब डॉलर था। वहीं, दिसंबर में भारत के साथ व्यापार घाटा 5.2 अरब डॉलर रहा। पूरे साल 2025 के लिए अमेरिका का कुल व्यापार घाटा 901.5 अरब डॉलर रहा, जबकि 2024 में यह 903.5 अरब डॉलर था।

### अब समझिए वस्तु और सेवा का अंतर

वस्तुओं के व्यापार में घाटा 25.5 अरब डॉलर बढ़कर 1,240.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, सेवाओं में अधिशेष 27.6 अरब डॉलर बढ़कर 339.5 अरब डॉलर रहा। 2025 में अमेरिका का व्यापार घाटा अन्य देशों के साथ इस प्रकार रहा-

**यूरोपीय यूनियन: 218.8 अरब डॉलर**

चीन: 202.1 अरब डॉलर
मैक्सिको: 196.9 अरब डॉलर
वियतनाम: 178.2 अरब डॉलर
ताइवान: 146.8 अरब डॉलर

# वैश्विक तनाव के बीच खुदरा निवेशकों का भरोसा बरकरार

## 15 माह के उच्च स्तर पर पहुंचा निवेश




**नई दिल्ली।** एनएसई रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2026 में खुदरा निवेशकों ने सेकंडरी मार्केट में 16,944 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया, जो 15 माह का उच्च स्तर है। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय शेयर बाजार को मजबूत समर्थन मिला है। भारतीय शेयर बाजार में व्यक्तिगत खुदरा निवेशकों की भागीदारी और निवेश लगातार बढ़ता जा रहा है। उतार-चढ़ाव के बावजूद जनवरी, 2026 में इन निवेशकों ने सेकंडरी मार्केट में रिकॉर्ड 16,944 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। यह अक्तूबर, 2024 के बाद से खुदरा निवेशकों की ओर से किया गया 15 माह में सर्वाधिक मासिक निवेश है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुद्ध निवेश का यह आंकड़ा बताता है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और कई देशों में तनाव के बीच सेकंडरी मार्केट में व्यक्तिगत खुदरा निवेशकों की भागीदारी मजबूती से बढ़ रही है। इससे उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय बाजार को समर्थन मिल रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि खुदरा निवेशकों की खरीदारी में मासिक आधार पर भी बड़ी तेजी दर्ज की गई है। इस खरीदारी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक सेकंडरी मार्केट में हुई निकासी को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। नतीजतन, चालू वित्त वर्ष के दौरान सेकंडरी मार्केट से शुद्ध निकासी घटकर सिर्फ 687 करोड़ रुपये रह गई है।

**प्राइमरी मार्केट के साथ 40,685 करोड़ का निवेश :** रिपोर्ट के मुताबिक, अगर प्राइमरी मार्केट के आंकड़ों को भी शामिल करें, तो व्यक्तिगत खुदरा निवेशकों का चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध निवेश 40,685 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसमें खुदरा निवेशकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

# सीआईटीआई की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी बोली

## अमेरिकी टैरिफ बदलाव के बावजूद भारत मजबूत स्थिति में



**नई दिल्ली।** सीआईटी की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि अमेरिका की नई टैरिफ नीति के बावजूद भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारी रहने से भारतीय टेक्सटाइल निर्यातकों को आगे भी बाजार, निवेश और सहयोग के अवसर मिल सकते हैं। अमेरिकी टैरिफ व्यवस्था में हालिया बदलावों के बावजूद भारत मजबूत स्थिति में बना हुआ है। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने यह दावा किया है।

दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक टैरिफ नीति के एक बड़े हिस्से को खारिज करते हुए कहा कि संबंधित कानून राष्ट्रपति को ऐसे आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं देता। इसके बाद ट्रंप ने सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर 10 प्रतिशत का नया वैश्विक टैरिफ लागू करने की घोषणा की, जिसे उनकी व्यापार रणनीति का अगला चरण माना जा रहा है।

### भारत की स्थिति कैसे मजबूत?

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि उद्योग यह आकलन कर रहा है कि इन बदलावों का भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि पहले भारत को कुछ प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले मामूली टैरिफ बढ़त हासिल थी, लेकिन वैश्विक 10 प्रतिशत टैरिफ लागू होने पर भी भारत की स्थिति अच्छी बनी रहेगी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत-अमेरिका के बीच चल रही द्विपक्षीय वाताएं जारी रहना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारतीय निर्यातकों को टैरिफ के अलावा निवेश, तकनीक आदान-प्रदान और सहयोग के रूप में भी फायदा मिल सकता है।

चटर्जी ने यह भी कहा कि अमेरिका भारतीय टेक्सटाइल निर्यात के लिए एक प्रमुख बाजार है और कुल निर्यात में उसकी हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। उनके मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नीति में अधिक स्पष्टता और स्थिरता आएगी, जिससे भारतीय निर्यातक अमेरिकी बाजार में अपनी पकड़ और मजबूत कर सकते हैं और आगे वृद्धि के अवसर तलाश सकते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर ग्लासहाउस में उगाए जाते हैं। दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमश: दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज दिन की शुरूआत अच्छी होगी। छात्रों को आज कोई शुभ सूचना मिलने वाली है, जिससे करियर में बदलाव आयेगा।

**वृष:** आज कुछ भी हो अपने कार्यालय व सार्वजनिक स्थान पर झगड़ा करने से बचें। बस गुस्से पर काबू रखें और परेशानी से बचें। आपके कार्य की सराहना होगी।

**मिथुन:** आज आप में से कुछ की रचनात्मकता चरम सीमा पर होगी। धन संबंधी मामलों को समझदारी से निपटाया जाना चाहिए।

**कर्क:** आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

**सिंह:** आज कोई भी फैसला हड़बड़ाहट में न लें। आप आत्मविश्वास से भरा हुआ महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको भाई-बहनों के द्वारा मदद मिलेगी।

**कन्या:** आर्थिक रूप से आप अच्छा करेंगे और कुछ महंगी चीजें की खरीदारी भी कर सकते हैं। भूमि में निवेश भी संभव है। व्यावसायिक रूप से दिन शुभ है।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आज आपको किसी अपने से धन की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक:** आज यात्रा कर रहे हैं तो आपको अपने सामान की अतिरिक्त सुरक्षा करने की जरूरत है। विरोधी व प्रतिद्वंदी नरम पड़ेंगे। धन, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

**धनु:** आज आय अच्छी रहेगी किन्तु बेकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाना आपके लिए श्रेयकर रहेगा।

**मकर:** आज आपका दिन उत्साह पूर्ण रहेगा। आज आपका समय दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ बितेगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

**कुंभ:** अगर आज आप कामकाज के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव बनाएंगे तो लोग भड़क सकते हैं। सेवा का प्रतिफल मिलेगा। आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**मीन:** वित्तीय रूप से दिन काफी शुभ है और कुछ महत्वपूर्ण लाभ प्राप्ति भी संभव है। उद्यमी और व्यवसायी एक नए संघ या साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं।

## चुटकुले

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया
गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो
उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया
गुरुजी ने दामाद से पूछा -क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
उसने जवाब दिया- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा
गुरुजी ने चरण स्पर्श किए और दी समझदारी की दाद!

---

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर - धीरज रखिए... ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की - अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल, मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- बिका माल वापस नहीं होगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

22 02 2026 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



गुरमीत चौधरी (अभिनेता)

अंकिता शर्मा | संजुकता नायक | मोहित त्यागी | अर्जुन अग्रवाल | भारत चौहान
डॉ. संदीप कुमार | विक्की पाल | अंकित रस्तोगी | नितिन अवतार शर्मा | सचिन वर्मा
आदित्य भारद्वाज | अनीश चौधरी | मौहम्मद ईशान भारती | इन्जी अनीश चौधरी | शिवमोहन भारद्वाज | मोंटी मित्तल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# आखिरी टी20 में रिकॉर्ड्स की बारिश, जेमिमा ने पूरे किए 2500 रन, मंधाना और एलिस पेरी ने रचा इतिहास

**एडिलेड।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शनिवार को तीन टी20 मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला एडिलेड में खेला गया। इस मुकाबले में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार रिकॉर्ड्स बनाए।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच शनिवार को खेले गए आखिरी टी20 मुकाबले में रिकॉर्ड्स की झमाझम बारिश हुई है। भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने एक तरफ अर्धशतकीय पारी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा रिकॉर्ड कायम कर लिया तो दूसरी तरफ, जेमिमा रोड्रिग्स ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 2500 रन पूरे कर लिए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज खिलाड़ी एलिस पेरी ने इतिहास रच दिया। वह 350 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं।







ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा बार टी20क अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड

इस मैच में स्मृति मंधाना ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होने 55 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 82 रनों की शानदार पारी खेली। इस अर्धशतकीय पारी के साथ मंधाना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा बार अर्धशतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं। यह उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठवां अर्धशतक है। मंधाना ने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और तब से 29 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 33.07 की औसत और 124.27 के स्ट्राइक रेट से 860 रन बनाए हैं।

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जेमिमा ने पूरे किए 2500 रन

इस मैच में भारतीय टीम की विस्फोटक बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने भी शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2500 रन पूरे कर लिए। जेमिमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के अंतिम मुकाबले में 46 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौकों के साथ 59 रन की पारी खेली।

अपना 118वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलते हुए जेमिमा ने भारत की पारी के पांचवें ओवर में किम गार्थ की गेंद पर चौका लगाकर इस आंकड़े को पार किया। इसी के साथ रोड्रिगेज कप्तान कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के बाद महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह मुकाम हासिल करने वाली चौथी भारतीय महिला बनीं।

एलिस पेरी ने रचा इतिहास

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की दिग्गज खिलाड़ी एलिस पेरी ने इतिहास रचा। भारत के खिलाफ शनिवार को एडिलेड में तीसरे टी20 में उतरने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के लिए 350 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। 2007 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का हिस्सा, पेरी से ज्यादा मैच सिर्फ दो महिला क्रिकेटरों ने खेले हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 357 और सूजी बेट्स ने 355 मैच खेले हैं। पेरी के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली मौजूदा वनडे और टेस्ट कप्तान एलिसा हीली हैं। हीली ने कुल 295 मैच खेले हैं।

## भारत की ऐतिहासिक जीत

### ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पहली बार नाम की सीरीज, 17 रन से आखिरी मैच में हराया

**एडिलेड।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 17 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टीम इंडिया ने पहली बार टी20 सीरीज जीती है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 17 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टीम इंडिया ने पहली बार टी20 सीरीज जीती है। शनिवार को एडिलेड में खेले गए तीसरे मुकाबले में भारत ने स्मृति मंधाना (82) और जेमिमा रोड्रिग्स (59) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर सिर्फ 159 रन ही बना सकी। इस



मुकाबले में भारत के लिए श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि अरुंधति रेड्डी ने दो सफलताएं अपने नाम कीं। वहीं, रेणुका सिंह ने एक विकेट झटका।

# सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाने उतरेगी भारतीय टीम

**अहमदाबाद।** टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में रविवार को उन दो टीमें एक दूसरे के सामने होंगी, जो पिछली बार इस टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंची थीं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ये मुकाबला दोनों टीमों के लिए ही काफी अहम है।

ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भारत ने खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया है, लेकिन उसकी असली परीक्षा अब शुरू होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन, केशव महाराज और एडेन मार्करम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है।

**भारत को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार:** भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ



खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी।

भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है।

**बल्लेबाजों को निभानी होगी जिम्मेदारी:** भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 गेंदों में 25 रन, नामीबिया के खिलाफ 21 गेंदों में 25 रन और नीदरलैंड के खिलाफ 27 गेंदों में 31 रन बनाए। इस तरह से वह अभी तक अधिकतर मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। टूनार्मेंट में उनका स्ट्राइक रेट 120 से थोड़ा ऊपर है जो उनके करियर के स्ट्राइक रेट 141 से काफी कम है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ 49 गेंद पर नाबाद 84 रन की मैच विजेता पारी खेलने के बाद कोई खास कमाल नहीं दिखाया है।

**मजबूत है गेंदबाजी आक्रमण**

भारत को एक बात जो खतरनाक टीम और अब भी खिताब का प्रबल दावेदार बनाती है, वह है उसका गेंदबाजी आक्रमण जिसमें जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती के महत्वपूर्ण आठ ओवर शामिल हैं। पहले चरण में पाकिस्तान सहित कोई भी अन्य टीम भारतीय गेंदबाजों का सहजता से सामना नहीं कर पाई थी। वरुण ने चार मैचों में नौ विकेट लिए हैं और उन्होंने 5.16 की शानदार इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी की है।

बुमराह ने जो तीन मैच खेले हैं उसमें उन्होंने किफायती गेंदबाजी करते हुए प्रति ओवर केवल छह रन ही दिए हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप का मैच कहां देख पाएंगे?

टी20 विश्व कप के प्रसारण अधिकार स्टार स्पोर्ट्स के पास है और दर्शक इसके मुकाबले स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देख सकेंगे। इसके अलावा मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार एप पर होगी।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले बढ़ी भारत की चिंता, हार्दिक के शॉट पर घायल हुआ ये तेज गेंदबाज

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले भारत के लिए चिंता की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नेट्स पर हार्दिक पांड्या के शॉट पर मोहम्मद सिराज चोटिल हो गए हैं।

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले के लिए अहमदाबाद में है। दोनों टीमों के बीच ये मैच 2024 विश्व कप के फाइनल की याद दिलाएगा। इस मैच की विजेता टीम सेमीफाइनल के लिए कदम आगे बढ़ाएगी, लेकिन इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले भारत की चिंता बढ़ गई है। विश्व कप से पहले ही टीम खिलाड़ियों की चोट की समस्या से जूझ रही थी।

जसप्रीत बुमराह और अभिषेक शर्मा तबीयत खराब होने की वजह से एक मैच में नहीं खेल सके थे, जबकि हर्षित राणा को तो चोट के कारण टूनार्मेंट से ही बाहर होना पड़ा था।



हर्षित की जगह मोहम्मद सिराज को खेलने का मौका मिला था। सिराज अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले मैच में खेलने उतरे थे और उन्होंने तीन विकेट भी लिए थे। अब भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना है तो इससे पहले ही टीम के तेज गेंदबाज सिराज चोटिल हो गए हैं।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास के दौरान हार्दि पांड्या के शॉट पर सिराज चोटिल हुए। गेंद सिराज के बाएं पैर के घुटने में लगी। सिराज इस दौरान दर्द में दिखे और लंगड़ाते हुए नेट्स से बाहर आए। भारतीय टीम प्रबंधन ने जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को ही ज्यादातर मैचों में मौका दिया है।

### अभ्यास के दौरान अभिषेक पर रही निगाहें

शुक्रवार को अभ्यास के दौरान निगाहें अभिषेक पर रहीं। अभिषेक ने कोच गौतम गंभीर से लंबी मंत्रणा की। गंभीर उन्हें कई गुर देते नजर आए। बाद में उन्होंने कैच का अभ्यास किया और स्पिन गेंदबाजी भी की। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि अभिषेक को लेकर कोई खास चर्चा नहीं हुई है, लेकिन हम विश्व कप के अहम दौर से गुजर रहे हैं।

हमें उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। वह गेंद को अच्छी तरह हिट कर रहे हैं। उन्हें अच्छी शुरूआत की जरूरत है। उन्होंने धीमी पिचों पर कहा कि क्यूरेटर सर्वश्रेष्ठ पिचें देने की कोशिश कर रहे हैं।

# अभिषेक पर बरकरार रहेगा टीम प्रबंधन का भरोसा

## अक्षर की वापसी तय! कुलदीप होंगे शामिल

**भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सुपर आठ का मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच के लिए टीम में बड़े बदलाव की संभावना कम है, लेकिन टीम तीन स्पिनरों के साथ उतर सकती है। वहीं, अक्षर पटेल की भी एकादश में वापसी संभव है।**

**अहमदाबाद।** ग्रुप चरण में अजेय रहने के बाद भारतीय टीम अब रविवार से टी20 विश्व कप में सुपर आठ चरण की शुरूआत करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत का सामना अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिछले बार की उपविजेता टीम से होगा। हाल ही में दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय टी20 सीरीज भी हुई थी, लेकिन विश्व कप के अहम मोड़ पर आकर मुकाबला खेलना दोनों के लिए ही आसान नहीं रहना वाला है। इस बात की संभावना कम है कि इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम में कुछ बड़े बदलाव होंगे।



**सैमसन को मौका मिलने की संभावना कम**

अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं और उन्हें टूनार्मेंट में अपने पहले रन का इंतजार है।

सुपर आठ चरण से पहले अभिषेक की खराब फॉर्म भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।

अभिषेक के खराब प्रदर्शन के बाद इस बात पर चर्चा बढ़ी है कि क्या भारत संजू सैमसन को मौका देगा?

गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्पष्ट किया था कि अभिषेक को एकादश से बाहर करने पर ड्रेसिंग रूम में कोई चर्चा नहीं हुई है, लिहाजा इस बात की संभावना बेहद कम है कि अभिषेक की जगह सैमसन को मौका दिया जाए।

अभिषेक के लगातार दो बार ऑफ स्पिनरों के हाथों आउट हुए हैं और इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम पावरप्ले में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं या नहीं।

**तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा:** सुपर आठ में भारत को दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है, लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो।

**अक्षर की वापसी से वॉशिंगटन को बैठना पड़ेगा बाहर:** भारत ने नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के अंतिम मैच में उपकप्तान अक्षर पटेल को आराम दिया था। उस मैच में अक्षर की जगह वॉशिंगटन सुंदर खेलने उतरे थे यह लगभग तय है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर प्लेइंग-11 में वापसी करेंगे। अक्षर की वापसी से यह तय है कि वॉशिंगटन को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि टीम में पहले से ही हार्दिक और शिवम के रूप में दो ऑलराउंडर मौजूद हैं।

**अर्शदीप या कुलदीप, किसके साथ जाएगा भारत**

पाकिस्तान के खिलाफ मैच को छोड़ दिया जाए तो भारत अब तक दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरा है। नीदरलैंड के खिलाफ मैच अहमदाबाद में ही हुआ था और उस मैच में स्पिनरों को पिच से मदद मिली थी। ऐसे में भारतीय टीम एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारने पर विचार कर सकती है।

# 'पाकिस्तानी खिलाड़ियों का द हंड्रेड में नहीं खेलना शर्मनाक होगा', ब्रूक ने दिया ये बयान

**कोलंबो।** पाकिस्तानी खिलाड़ियों के द हंड्रेड में खेलने पर संशय पैदा हो गया है क्योंकि कुछ फ्रेंचाइजी का स्वामित्व भारतीयों के पास है। माना जा रहा है कि ये फ्रेंचाइजी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नीलामी में नहीं खरीदेंगी। इसे लेकर अब इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने बयान दिया है।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा कि अगर पाकिस्तानी क्रिकेटरों को द हंड्रेड टूनार्मेंट से बाहर रखा जाता है तो यह शर्मनाक होगा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार द हंड्रेड में भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी मैनचेस्टर सुपर जाएंट्स, एमआई लंदन, सदर्न ब्रेव और सनराइजर्स लीड्स भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण भारत में संभावित राजनीतिक प्रतिक्रिया की आशंकाओं के चलते नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेने से परहेज कर सकती हैं।



**ब्रूक बोले- फिलहाल विश्व कप पर ध्यान:** भारतीय स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स से अनुबंध हासिल करने वाले ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच से पहले कहा, अभी हमारा मुख्य ध्यान टी20 विश्व कप पर है। ईमानदारी से कहूं तो इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट इतिहास का महत्वपूर्ण देश रहा है। मुझे लगता है कि नीलामी में उसके लगभग 50-60 खिलाड़ी होंगे और उनमें से कुछ को वहां न देखना शर्मनाक होगा।

**पाकिस्तान के कितने खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण**

द हंड्रेड की लंदन में होने वाली नीलामी के लिए पाकिस्तान के 67 पुरुष और महिला क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें पुरुष टी20 विश्व कप में खेल रहे उसके लगभग सभी खिलाड़ी शामिल हैं। मोहम्मद आमिर, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान और हारिस रऊफ सहित कई पाकिस्तानी खिलाड़ी पहले द हंड्रेड में खेल चुके हैं।

आईपीएल के अलावा इन लीग में नहीं खेल पाते पाकिस्तानी खिलाड़ी

पाकिस्तान का कोई भी खिलाड़ी नवंबर 2008 के आतंकी हमले के बाद आईपीएल में नहीं खेला है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी, प्रो लीग मुकाबले में स्पेन से मिली हार

**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए एफआईएच प्रो लीग के होबार्ट चरण की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहले मैच में स्पेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। टीम की नजरें वापसी पर लगी हुई थी, लेकिन उसे स्पेन से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत अब रविवार को प्रो लीग के होबार्ट चरण के अपने दूसरे मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारतीय टीम



की खराब फॉर्म जारी रही। स्पेन के लिए इग्नासियो अबाजो ने छठे मिनट और इग्नासियो कोबोस ने 36वें मिनट में गोल किए।

## मौकों को भुना नहीं सका भारत



स्पेन की टीम ने मौकों का फायदा उठाया, जबकि भारत लगातार आक्रमण के बावजूद अच्छे मौकों को भुना नहीं पाया। राउरकेला में घरेलू चरण में भारत को विरोधी टीमों से बुरी तरह हार मिली। बेल्जियम और अर्जेंटीना से दो-दो हार झेलने वाली भारतीय टीम विदेशी चरण के दौरान नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और नई शुरूआत करने की उम्मीद कर रही थी। भारतीय टीम ने कई अच्छे मौके बनाए और क्वार्टर के आखिर में लगभग बराबरी कर ही ली थी जब अभिषेक ने एक जोरदार शॉट लगाया लेकिन स्पेनिश गोलकीपर लुइस कैलजाडो ने इसका शानदार बचाव किया। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक चलेगा।

# सुपर आठ का रोमांच आज से, पाकिस्तानी स्पिन और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कौशल की होगी परीक्षा

**टी20 विश्व कप 2026 का ग्रुप चरण अब खत्म हो गया है और आज से सुपर आठ दौर की शुरूआत हो रही है। पहले मैच में पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में होना है।**

**कोलंबो।** टी20 विश्वकप में सुपर आठ चरण का रोमांच शनिवार को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मुकाबले से शुरू होगा। दोनों टीमें लीग चरण में 2024 की विजेता और उपविजेता से हार चुकी हैं। पाकिस्तान को गत चैंपियन भारत से 61 रन, तो न्यूजीलैंड को दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट से करारी शिकस्त मिली थी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच असल टक्कर स्पिन और बल्लेबाजी कौशल की होगी। पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक की अगुआई में बेहतर स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, तो न्यूजीलैंड को टिम सीफर्ट और फिन एलन की सलामी जोड़ी के अलावा, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र और मार्क चेपमैन मजबूती प्रदान करते हैं।

**पाकिस्तान को धीमी पिच का फायदा**

सलमान आगा की पाकिस्तान के लिए मजबूत पक्ष यह है कि उसकी टीम कोलंबो और श्रीलंकाई परिस्थितियों से टी20 विश्वकप शुरू होने से पहले ही परिचित ही सुकी है। आर. प्रेमादासा स्टेडियम में वह दो मुकाबले खेल चुकी है। न्यूजीलैंड के लिए दिक्कत यह है कि उसके खिलाड़ी जनवरी से ही भारत में बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों पर खेलते आ रहे हैं। सुपर आठ के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को कोलंबो की धीमी पिच पर पाकिस्तानी स्पिनरों से निपटने के लिए खास रणनीति बनानी होगी। हालांकि न्यूजीलैंड के बल्लेबाज भारत के विश्वस्तरीय स्पिनरों का अच्छे से सामना कर चुके हैं।



### आठवां टी20 विश्व कप मैच खेलेंगी दोनों टीमें

टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने अब तक सात मैच खेले हैं। पाकिस्तान ने पांच और न्यूजीलैंड ने दो मैच जीते हैं। अतीत को ध्यान में रखते हुए न्यूजीलैंड की टीम सतर्कता के साथ ही आक्रामक रुख अपनाना चाहेगी। न्यूजीलैंड को पता है कि पाकिस्तान के पास स्पिन आक्रमण है, लेकिन उसकी बल्लेबाजी में गहराई कम नहीं है। वहीं, तेज गेंदबाज खास प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तान की बल्लेबाजी साहिबजादा फरहान के आसपास ही घूमती है। तेज गेंदबाजी असर नहीं दिखा पा राही है। मिचले सैंटनर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी और तेज गे ंदबाजी पाकिस्तान पर बढ़त दिलाती है।



# गाजियाबाद आसपास




## राणा प्रताप स्कूल में खसरा-रूबेला टीकाकरण शिविर का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहिया नगर स्थित राणा प्रताप हायर सैकण्ड्री स्कूल में शनिवार को बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से खसरा-रूबेला टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कैंप का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. पूनम शिशौदिया की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों ने खसरा और रूबेला के खतरों के प्रति सचेत किया। उन्होंने बताया कि ये दोनों ही गंभीर वायरल बीमारियाँ हैं, जो बच्चों के शारीरिक विकास और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि समय पर टीकाकरण ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे अचूक उपाय है।

इस विशेष अभियान के अंतर्गत विद्यालय के प्राथमिक खंड (कक्षा 1 से कक्षा 5 तक) के विद्यार्थियों को टीके लगाए गए। टीकाकरण प्रक्रिया से पूर्व विद्यालय प्रशासन द्वारा अभिभावकों को जागरूक किया गया और उन्हें टीके की सुरक्षा व इसकी आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वच्छता और पूर्ण सावधानी के साथ टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी की। बच्चों में टीकाकरण को लेकर कोई भय नहीं, बल्कि भारी उत्साह देखा गया। अभिभावकों ने भी स्वास्थ्य विभाग और स्कूल की इस पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग दिया। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक गणों एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने 55 लाख की 'मोबाइल डेंटल वैन' समाज को समर्पित की






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने अपनी सीएसआर परियोजना के तहत मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर को एक अत्याधुनिक 'मोबाइल डेंटल केयर वैन' सुपुर्द की है। लगभग 55 लाख रुपये की लागत वाली इस वैन का निर्माण गाजियाबाद की प्रमुख कंपनी फेरोलाइट जॉइंटिंग्स लि० के सहयोग से किया गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 की गवर्नर डॉ. अमिता मोहिन्दू ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रो. अमित गुप्ता और आईटीएस के चेयरमैन आर.पी. चड्ढा उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट प्रमोटर डॉ. सुभाष जैन और क्लब प्रेसिडेंट रो. भारती गर्ग ने बताया कि यह वैन दिल्ली-एनसीआर, पिलखुवा, लोनी और मुरादनगर सहित ग्रामीण व वंचित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देगी। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को उनके घर के पास ही निशुल्क दंत चिकित्सा मिलेगी। वैन में स्क्रीनिंग, बुनियादी उपचार, वेस्ट मैनेजमेंट और बिजली आपूर्ति की विशेष व्यवस्था है। इस पहल से हर महीने लगभग 2500 लोगों के लाभान्वित होने का अनुमान है।

कार्यक्रम में आई.टी.एस. के डायरेक्टर डॉ. देवो चरण शेट्टी, क्लब सचिव प्रवीण गोयल, पूर्व अध्यक्ष दीपक अग्रवाल सहित रोटरी के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। चेयरमैन आर.पी. चड्ढा ने इस मानवीय कार्य के लिए रोटरी क्लब और फेरोलाइट कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक कुमार शर्मा का आभार व्यक्त किया।

## हापुड़ में रंजिशन हमला कर वकील को किया घायल, मेरठ रेफर



**हापुड़।** हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर के नगर के मीरा रेती निवासी वकील को आधा दर्जन से अधिक युवकों ने रंजिशन हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को चिकित्सकों ने मेरठ के अस्पातल के लिए रेफर कर दिया है।

मीरा रेती निवासी जितेंद्र कुमार राणा कचहरी में जूनियर अधिवक्ता हैं। शनिवार की सुबह वह पास के गांव गडावली के जंगल में स्थित अपने खेत पर फसल की सिंचाई करने के लिए गए थे। उनके परिजनों ने बताया कि खेत पर पहुंचते ही वहां पर पहले से ही मौजूद नगर के ही करीब आधा दर्जन युवकों ने जितेंद्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों के हमले से जितेंद्र लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। आसपास के खेतों में मौजूद किसानों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। किसानों ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद खेत पर पहुंचकर परिजनों ने घायल को गढ़ सीएचसी में भर्ती कराते हुए पुलिस को सूचना दी। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जितेंद्र को मेरठ के लिए रेफर कर दिया है। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि अभी इस संबंध में तहरीर नहीं मिली है। लेकिन, सूचना के आधार पर मामले की जांच कराते हुए हमलावरों की तलाश कराई जा रही है।

## 120 क्विंटल खाद्यान्न गबन करने का आरोप राशन डीलर समेत दो लोगों पर हुई रिपोर्ट दर्ज



**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के मोहल्ला पन्नापुरी स्थित उचित दर की दुकान पर 120 क्विंटल से अधिक गेहूं व चावल के गबन का मामला सामने आया है। मामले में पूर्ति निरीक्षक पूजा गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने राशन डीलर व उसके पुत्र के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। विभागीय टीम ने खाद्यान्न को जब्त कर निकटतम राशन डीलर को सुपुर्द कर दिया है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि उन्हें मोहल्ला पन्नापुरी स्थित मेसर्स महेश शर्मा उचित दर विक्रेता द्वारा खाद्यान्न का वितरण न करके केवल ई-पाश मशीन पर अंगूठा लगवाकर कार्डधारकों को पर्ची देने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर उन्होंने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गढ़मुक्तेश्वर अर्चना उपाध्याय व पूर्ति लिपिक सुमित कुमार को जांच करने के लिए भेजा था। टीम के यहां पहुंचे पर दुकान खुली मिली, लेकिन विक्रेता महेश शर्मा मौके पर मौजूद नहीं थे। बल्कि उनका पुत्र कपिल कुमार दुकान का संचालन कर रहा था। टीम को जांच के दौरान दुकान पर करीब 100 किलोग्राम चावल व 50 किलोग्राम गेहूं खुला मिला।

इसके अलावा दुकान में ई-पाश व ई-वेइंग मशीन, 41 खाली जूट के कट्टे और एक व पांच किलोग्राम के लोहे के बांट मिले। टीम ने विभागीय वेबसाइट व ई-पाश मशीन की रिपोर्ट से स्टॉक का मिलान करने पर खाद्यान्न का गबन पाया। रिकॉर्ड के अनुसार जनवरी 2026 का अवशेष चावल छह क्विंटल 26 किलोग्राम व गेहूं पांच क्विंटल चार किलोग्राम, जबकि फरवरी 2026 में 44.22 क्विंटल चावल व 66.12 क्विंटल गेहूं अवशेष होना चाहिए था। कुल मिलाकर 50.98 क्विंटल चावल व 71.16 क्विंटल गेहूं स्टॉक में होना चाहिए था। टीम को मौके पर 49.98 क्विंटल चावल व 70.66 कुंतल गेहूं कम पाया गया था।

इसके बाद टीम ने मौके पर मौजूद करीब 20 कार्डधारकों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए। कई कार्डधारकों ने बताया कि विक्रेता ने ई-पाश मशीन पर अंगूठा लगवाकर उन्हें राशन नहीं दिया था। इतना ही नहीं टीम को दुकान पर स्टॉक बोर्ड अद्यतन व पात्रता व अपात्रता संबंधी सूचना पट्ट भी प्रदर्शित नहीं मिला। टीम ने इसे अनुबंध की शर्तों व उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु आदेश 2016 का उल्लंघन माना है। इसके बाद टीम ने दुकान से खाद्यान्न, ई-पाश व ई-वेइंग मशीन, 41 खाली जूट के कट्टे को जब्त कर लिया और निकटवर्ती उचित दर विक्रेता मेसर्स पंकज त्यागी को सुपुर्द कर दिया।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक पूजा गुप्ता की तहरीर पर महेश शर्मा व कपिल शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एआई और एमएल पर कार्यशाला संपन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के 'स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस' द्वारा एआई एवं एमएल विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें यूजी और पीजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता सुजीत कुमार (केट कैम टेक्नोलॉजीज) ने सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के व्यावहारिक पहलुओं और आगामी एआई वेव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सीएएसई और एसडीएलसी जैसे टूल्स की विस्तृत जानकारी दी। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) आर.सी. त्रिपाठी ने छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुसार व्यावहारिक कौशल और सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में महारत हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गवेंद्र सिंह ने छात्रों को प्रभावी शैक्षणिक प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए डीएफडी और ईआर डायग्राम के तकनीकी प्रारूप समझाए। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल एवं अन्य वरिष्ठ प्रबंधन सदस्यों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## महिला मंगल दल ने चलाया गांव अमराला में मतदाता जागरूकता अभियान




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** होने जा रहे पंचायत चुनाव को लेकर महिला मंगल दल ने ग्रामीणों से शांतिपूर्वक तरीके से मतदान की अपील की है। गांव अमराला स्थित महिला मंगल दल अध्यक्ष कोमल कुमारी ने कहा है कि लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व होता है।

महिला मंगल दल की सदस्यों ने गांव में हर घर-घर जाकर शांत प्रतिशत मतदान करने की अपील की, पंचायत चुनाव में विकासखंड के ग्रामवासियों को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष मतदान कर एक उदाहरण पेश करना चाहिए।

कमल का कहना था, कि मतदान का मतलब अपने मत का दान करना है अर्थात ऐसे प्रत्याशियों को अपना वोट देना चाहिए जो गांव के विकास के लिए ईमानदारी से कम करें। इस मौके पर रजनी, प्रियंका, रजनी रानी, विनेश, कमल, मानसी आदि मौजूद थी।

## चंदे के हिसाब पर भिड़े दो पक्ष, घरों में जमकर तोड़फोड़ और पीटा भी



**हापुड़।** पुरानी रंजिश और चंदे के पैसों के हिसाब को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। कहासुनी के बाद दोनों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के 17 नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव सैना में शुक्रवार की रात पुरानी रंजिश और चंदे के पैसों के हिसाब को लेकर हुई कहासुनी में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। वहीं, एक-दूसरे के घरों के सामान में भी तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के 17 नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चार को गिरफ्तार किया है।

थाने में तैनात दरोगा इकरार अहमद ने दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि शुक्रवार की रात वह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गावं सैना में दो पक्षों में पुरानी रंजिश और बरसात के दौरान पंजाब में आई बाढ़ के कारण पीड़ितों की सहायता के लिए गांव में एकत्र किए गए चंदे के रुपयों के हिसाब को लेकर विवाद की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही वह पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंच गए। उन्होंने एक-दूसरे के साथ गाली-गलौज करते हुए हमला कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला और घरों के सामान, दरवाजे क्षतिग्रस्त करते रहे।

पुलिस कर्मियों ने मौके से महबूब, तनवीर, अब्बास और मतीन को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी गिरफ्तारी के बाद हंगामा कर रही महिलाएं व युवक वहां से भाग निकले। पूछताछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि हंगामे में उनके अलावा दोनों पक्षों के जब्बार, नदीम, गय्यूर, जीशान, मम्मनून, प्यार मोहम्मद, खालिद, तमकीन, आदिल, नौशेर, इंसाफ अली, मशरूर, शमशेर व कुछ महिलाएं भी शामिल थीं। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि 17 नामजद समेत उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार युवकों को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध, प्रदर्शन




**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) ने फिल्म ह्ययादव जी की लव स्टोरीह्ल पर विरोध जताया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष परविन्दर सिंह यादव ने कहा कि किसी समाज, जाति या समुदाय के नाम से फिल्म बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे सामाजिक भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने फिल्म निमार्ता, निर्देशक, कलाकारों और संबंधित गायकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने समय रहते कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर एमपी यादव (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), विनोद यादव, डॉ. मुकेश यादव, नरेंद्र यादव, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।




## कई टू-स्टार चौकी से हटने को बेकरार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चाकी का प्रभार मिलना और फिर उस पर बने रहना अपने आप में एक बड़ा टास्क माना जाता है। पर बीते कुछ दिनों से पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कुछ नई ही कहानी सुनाई दे रही है। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों सिटी जोन की एक लिस्ट आई थी। उस लिस्ट में कई ऐसे टू-स्टार भी चौकियों पर बैठाए थे, जो क्राइम के लिए काम करते थे। अब सुनने में आ रहा है कि सिटी सिटी वाले जोन में एक थाने में इन दिनों ऐसे दो चौकी के प्रभारी हैं, जो क्राइम के लिए काम करते थे। पर आजकल वह अपने आप पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे है। पुनिस कें सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है चौकी पर पहुंचते ही उनके हाल पस्त हो गए हैं और वह रात से लेकर सुबह तक क्राइम कंट्रोल की प्लानिंग में लगे रहते हैं लेकिन आलम यह है कि ना क्राइम कंट्रोल कर पा रहे है और ना वह कुछ रिजल्ट दे पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि यह दोनों एक ही थाने से जुड़े हुए हैं। बताया जा रहा है एक की चौकी



सिटी वाले सबसे खास स्थान के बराबर में है। तो दूसरे की उस स्थान पर जहां बीते दिनों कई काम तमाम किए गए थे। पुलिस के जरिये सुनने में यह जानकारी मिली है कि दोनों ही टू-स्टार अपने-अपने स्तर से प्रयास में लग गए हैं की चौकी से उनको टाटा बाय-बाय हो जाए और फिर से पुराना वाला काम मिल जाए। पर सुनने में आ रहा है कि अधिकारी भी इनकी परीक्षा की घड़ी ले रहे हैं। एक को पर्चे काटने में पसीना छूट रहा है, तो दूसरा फोन उठाते-उठाते परेशान हो चुका है। बताया जा रहा है कि जब दोनों ही क्राइम कंट्रोल का काम संभालते थे, तो लंबे-लंबे भाषण देते थे और चौकी प्रभारी की खिल्ली भी उड़ा दिया करते थे लेकिन जब से खुद को चौकी वाला प्रभार मिला है। तो गिल्ली गुल बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि अगर दोनों के हाल और हालात नहीं सुधरे तो किसी दिन वारदात के बाद दोनों को आउट किया जा सकता है, क्योंकि जिन चौकी वाले प्रभारी को खुद ही अपनी वर्किंग पर डाउट हो उनको कैसे कोई राइट कर पाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में निमार्ण को लेकर दो प्रभारियों को करंट लगने के बाद सिटी जोन के लिए अलर्ट वाली घंटी बज गई है। अब देखना होगा आगे क्या होता है।

## 367 ने गृहविज्ञान और 221 विद्यार्थियों ने छोड़ी इतिहास की परीक्षा



**नोएडा।** शनिवार को दो पालियों में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली में हाईस्कूल में गृहविज्ञान और दूसरी पाली में इंटर की इतिहास की परीक्षा हुई। गृहविज्ञान में 6224 में से 5857 विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं 367 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं इतिहास में 4257 में से 4036 विद्यार्थी ही शामिल हुए।

सूरजपुर स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की निगरानी की गई। परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर आए छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रश्नपत्र समय पर पेपर पूरा करने में कोई परेशानी नहीं हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 60 केंद्रों पर परीक्षा हो रही हैं। कहीं से किसी भी तरह की शिकायत नहीं मिली।

**अंग्रेजी के सवालों को देख खिले चेहरे:** वहीं, सोमवार को हुई सीबीएसई दसवीं में अंग्रेजी की परीक्षा ने विद्यार्थियों को सुकून दिया ।नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 56 केंद्रों से परीक्षा देकर बच्चे बाहर निकले उनके चेहरे पर राहत और खुशी साफ नजर आई।

ज्यादातर बच्चों ने कहा कि पेपर आसान था। सवाल सीधे थे। इसलिए सवालों ने ज्यादा उलझाया नहीं। वहीं, कई छात्रों ने बताया कि उन्होंने पूरा 80 नंबर का पेपर किया है और अच्छे नंबरों की उम्मीद कर रहे हैं।

## तीन दिनों तक पंखे से लटका मिला युवती का शव



**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड मोहल्ला प्रीत विहार स्थित फ्लैट में 16 फरवरी की देर शाम फंदे से लटके मिले युवती के शव के मामले में नया मोड़ आया है। युवती का शव तीन दिन तक पंखे से लटका हुआ था। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। मृतका के भाई ने गांव के ही युवक पर शादी का झांसा देकर उसकी बहन के साथ दुष्कर्म करने व हत्या करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को इस मामले में एसपी से शिकायत की है। एसपी ने निष्पक्ष जांच कर मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

थाना गढ़मुक्तेश्वर के गांव निवासी युवक ने एसपी से शिकायत में बताया कि उनकी बहन नोएडा के कासना क्षेत्र स्थित निजी कंपनी में नौकरी करती थीं। पिछले कई महीनों से उनकी बहन दिल्ली रोड के मोहल्ला प्रीत विहार स्थित किराए के फ्लैट में रह रही थीं। नौकरी के दौरान उनकी बहन का गांव के ही युवक से संपर्क हो गया था। आरोप है कि युवक ने उनकी बहन को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर उनकी बहन के साथ दुष्कर्म किया।

भाई ने बताया कि आरोपी उनकी बहन के साथ करीब तीन माह से रह रहा था। उनकी बहन ने जल्द एक दूसरे से शादी करने की बात कही थी। 13 दिन पहले उनकी बहन ने रोते हुए छोटी बहन को फोन पर बताया कि आरोपी ने उससे शादी करने से इन्कार कर दिया है। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। बताया कि 12 फरवरी को युवक ने किसी अन्य युवती से शादी कर ली थी। इससे उनकी बहन मानसिक रूप से काफी परेशान थीं। मृतका के भाई ने बताया कि 16 फरवरी की देर शाम पुलिस ने फोन करके बताया कि उसकी बहन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस को निष्पक्ष जांच कर मामले में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

जिस कमरे में युवती का शव मिला उसमें बहुत कम सामान था। यहां तक कि कमरे में कोई बेड या चारपाई तक नहीं थी। युवती कमरे के फर्श पर ही गद्दा बिछाकर सोती थी। पुलिस के अनुसार युवती ने मरने से पहले युवक को वीडियो कॉल भी की थी। फंदे पर लटकने की बात कहने पर भी युवक ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया।





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष यानी पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी ने अपनी खुशी के उस वर्ष को पूरे हर्ष के साथ साझा किया जब उन्होंने सात फेरे लेकर अपनी वैवाहिक जीवन यात्रा शुरू की थी। सफल, सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के एक और सौपान को पूरा किया। खूबसूरत शब्दों के साथ अपने जीवन साथी से एक बार फिर वादा किया। हर पल साथ निभाने की खुशी को साझा करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# बड़े कॉरपोरेट रहे चुप, एक खिलौना कारोबारी ने ट्रंप से लिया लोहा

**वॉशिंगटन।** रिक वोल्डेनबर्ग, शिकागो के पास स्थित शैक्षणिक खिलौना कंपनी लर्निंग रिसोर्सेज के सीईओ, ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ छोटे कारोबारियों पर भारी बोझ डाल रहे हैं। इस कानूनी लड़ाई में अरबों डॉलर का व्यापार दांव पर था और फैसला छोटे उद्योगों के लिए अहम साबित हुआ।

अमेरिका में जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति पर राजनीतिक बयानबाजी तेज थी और बड़े कॉरपोरेट घराने खामोश थे, तब एक खिलौना कारोबारी ने सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यह कहानी किसी बड़े उद्योगपति की नहीं, बल्कि एक पारिवारिक कंपनी चलाने वाले सीईओ की है, जिसने माना कि नीति गलत है तो उसका विरोध होगा। फिर वो लड़ाई चाहे देश की सरकार या फिर राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ ही क्यो न हो। ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कोई और नहीं बल्कि रिक वोल्डेनबर्ग है।



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के उलट टैरिफ की वापसी कैसे ?: क्या है 'धारा 122', जो ट्रंप के लिए आपदा में बनी अवसर

वोल्डेनबर्ग का कहना था कि यह सिर्फ व्यापार का मामला नहीं, बल्कि पीढ़ियों से खड़े किए गए कारोबार के अस्तित्व की लड़ाई थी। रिक वोल्डेनबर्ग शिकागो के पास स्थित शैक्षणिक खिलौना कंपनी लर्निंग रिसोर्सेज के सीईओ हैं। उनकी कंपनी की स्थापना उनकी मां ने की थी। 'लिबरेशन डे' टैरिफ की घोषणा के कुछ ही दिनों के भीतर उन्होंने वकीलों से संपर्क किया और राष्ट्रपति के फैसले को अदालत में चुनौती दी। उनका आरोप था कि आईईईपीए कानून के तहत लगाए गए टैरिफ छोटे और मध्यम उद्योगों पर भारी बोझ डाल रहे हैं, जबकि बड़ी कंपनियां लॉबिंग और संसाधनों के दम पर खुद को बचा लेती हैं।

### एक खिलौने से भड़की चिंगारी

कंपनी का लोकप्रिय उत्पाद 'बबल प्लश योगा बॉल बडीज' इस विवाद का प्रतीक बन गया। पहले चीन में उत्पादन हुआ, फिर भारत में शिफ्ट किया गया। उसके बाद अचानक नए टैरिफ लागू हो गए। एक शिपमेंट पर कंपनी को लगभग 50,000 डॉलर अतिरिक्त शुल्क देना पड़ा। वोल्डेनबर्ग ने कहा कि उत्पादन को बार-बार देशों में बदलना पड़ा, जैसे कंपनी भटकती फिर रही हो।

इस कानूनी लड़ाई में बड़े अमेरिकी कॉरपोरेट आगे नहीं आए। जानकारों का कहना है कि बड़ी कंपनियों के पास नकदी भंडार और सप्लाई चेन प्रबंधन की क्षमता होती है। वे अदालत के बजाय लॉबिंग का रास्ता अपनाती हैं। इसके उलट, दर्जनों छोटे कारोबारियों और कुछ गैर-लाभकारी संगठनों ने वोल्डेनबर्ग का समर्थन किया। और कोर्ट में ही लड़ाई लड़ी।

### सुप्रीम कोर्ट में क्या था दांव

वोल्डेनबर्ग और अन्य कंपनियों ने दलील दी कि 1977 का आईईईपीए कानून राष्ट्रपति को व्यापक टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं देता। कई निचली अदालतों ने भी माना कि टैरिफ कानूनी सीमा से बाहर थे। इस मामले में अरबों डॉलर के व्यापार और संभावित 100 अरब डॉलर से अधिक रिफंड का सवाल जुड़ा था। फैसला सिर्फ एक कंपनी के लिए नहीं, बल्कि पूरे कारोबारी तंत्र के लिए अहम माना गया।

### इस लड़ाई में कितने डॉलर हुए खर्च

रिक वोल्डेनबर्ग ने स्वीकार किया कि उनकी कानूनी फीस लाखों डॉलर तक पहुंच गई है। उन्होंने इसे जरूरी निवेश बताया। उनका कहना है कि अमेरिका के लाखों छोटे व्यवसाय इसी तरह की स्थिति से जूझ रहे हैं, लेकिन बहुत कम लोग सीधे राष्ट्रपति के फैसले को अदालत में चुनौती देने का जोखिम उठाते हैं। इसी वजह से वोल्डेनबर्ग का नाम इस लड़ाई में अलग पहचान बना सका।

# क्या पूर्व प्रिंस एंड्रयू की गिरफ्तारी से डगमगाएगी राजशाही

## 350 साल पहले हुई थी कुछ ऐसी घटना

**न्यू साउथ वेल्स।** ब्रिटेन में पूर्व प्रिंस और एंड्रयू माउंटबैटन-विंडसर की गिरफ्तारी से राजशाही पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। हालांकि, ये गिरफ्तारी राजशाही को तुरंत खत्म नहीं करेगी, लेकिन यह तय है कि आज के समय में शाही परिवार भी कानून और जनमत से ऊपर नहीं है। ब्रिटिश राजघराने में यह दूसरी ऐसी घटना है।



ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्य एंड्रयू माउंटबैटन-विंडसर (प्रिंस एंड्रयू) की गिरफ्तारी की खबर ने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। यह मामला इसलिए बड़ा माना जा रहा है क्योंकि ब्रिटिश इतिहास में बहुत कम बार ऐसा हुआ है कि किसी शाही सदस्य पर सीधे कानून का शिकंजा कसता दिखा हो।

**350 साल पहले हुई थी कुछ ऐसी घटना:** इतिहासकार बताते हैं कि लगभग 350 साल पहले, 1649 में राजा चार्ल्स-क को गिरफ्तार कर मुकदमा चलाया गया था और बाद में उन्हें फांसी दी गई थी। उस घटना के बाद कुछ समय के लिए ब्रिटेन में राजशाही ही खत्म हो गई थी। इस वजह से अब एंड्रयू की गिरफ्तारी की तुलना उसी ऐतिहासिक घटना से की जा रही है- हालांकि इस बार स्थिति उतनी गंभीर नहीं है।

**अब क्यों ज्यादा असर पड़ रहा है:** आज का दौर अलग है, पहले मीडिया शाही परिवार के निजी मामलों को छिपाता था। अब सोशल मीडिया और डिजिटल पत्रकारिता के कारण हर बात तुरंत सार्वजनिक हो जाती है। जनता का भरोसा अब छवि और पारदर्शिता पर टिका है।

# यूक्रेन ने रूस की मिसाइल फैक्टरी पर किया ड्रोन हमला, 11 लोग घायल; तीन अस्पताल में भर्ती

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते चार वर्षों से जंग जारी है। इसी कड़ी में यूक्रेनी ड्रोन ने शनिवार को रूस के अंदर एक औद्योगिक ठिकाने को निशाना बनाया। एक रूसी समाचार चैनल ने बताया कि यह जगह एक प्रमुख सरकारी मिसाइल फैक्टरी थी।



स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री सर्गेई बागिन ने अपने टेलीग्राम पोस्ट में बताया, यह हमला रूस के उडमर्ट गणराज्य में हुआ। हमले में 11 लोग घायल हुए। इनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्जेंडर ब्रेचालोव ने एक अन्य टेलीग्राम पोस्ट में कहा, उडमर्ट गणराज्य की एक सुविधा पर यूक्रेन की ओर से ड्रोन से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले में लोगों को चोटें आईं और नुकसान हुआ। हालांकि, उन्होंने हमले के स्थल का नाम या और कोई विवरण साझा नहीं किया।

टेलीग्राम पर एक रूसी समाचार चैनल 'एस्ट्रा' ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन ने वोटकिन्स्क मशीन बिल्डिंग प्लांट को निशाना बनाया, जो एक प्रमुख सरकारी रक्षा उद्यम है। एस्ट्रा ने कहा कि उनका यह दावा स्थानीय निवासियों के फुटेज के विश्लेषण पर आधारित है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई। वोटकिन्स्क फैक्टरी यूक्रेन से 1,400 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर है। यह फैक्टरी इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलें बनाती है, जिन्हें अक्सर यूक्रेन के खिलाफ हमलों में इस्तेमाल किया जाता है। यह फैक्टरी परमाणु क्षमता वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें भी बनाती है। एक अन्य रूसी समाचार चैनल ने वीडियो और तस्वीरें साझा कीं। इन फुटेज में औद्योगिक स्थल से काला धुठता हुआ दिखाई दे रहा था और भवनों के शीशे टूटे हुए थे।

# अमेरिका ने लगाया भारी शुल्क, फिर भी भारत से व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर तक बढ़ा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक भारी टैरिफ लगाए, इसके बाद भी 2025 में भारत के साथ उसका व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर तक बढ़ गया। यह आंकड़ा पहले 45.7 अरब डॉलर के करीब था। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च टैरिफ के बावजूद अमेरिका की घरेलू मांग और आयात निर्भरता के कारण घाटा कम नहीं हो पाया।

वहीं, दिसंबर में भारत के साथ व्यापार घाटा 5.2 अरब डॉलर रहा। पूरे साल 2025 के लिए अमेरिका का कुल व्यापार घाटा 901.5 अरब डॉलर रहा, जबकि 2024 में यह 903.5 अरब डॉलर था। इस दौरान अमेरिकी निर्यात 199.8 अरब डॉलर बढ़कर 3,432.3 अरब डॉलर हो गया और आयात 197.8 अरब डॉलर बढ़कर 4,333.8 अरब डॉलर पहुंच गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया अमेरिकी टैरिफ

बता दें कि ये पूरा मामला तब सामने आया जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के लगाए गए टैरिफ को गैर-कानूनी बताते हुए रद्द कर दिया। लेकिन इसके तुरंत बाद ट्रंप ने धारा 122 का इस्तेमाल करते हुए 150 दिनों के लिए अमेरिका में आयातित सामान पर 10 प्रतिशत अस्थायी टैरिफ लगा दिया। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू होगा। व्हाइट हाउस की फैक्टशीट के मुताबिक, व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 के तहत राष्ट्रपति कुछ आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं (जैसे व्यापार घाटा) को कम करने के लिए सरचार्ज और अन्य आयात प्रतिबंध लगा सकते हैं।

### वस्तु और सेवा का अंतर समझिए

वस्तुओं के व्यापार में घाटा 25.5 अरब डॉलर बढ़कर 1,240.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, सेवाओं में अधिशेष 27.6 अरब डॉलर बढ़कर 339.5 अरब डॉलर रहा। 2025 में अमेरिका का व्यापार घाटा अन्य देशों के साथ इस प्रकार रहा-

- यूरोपीय यूनियन: 218.8 अरब डॉलर
- चीन: 202.1 अरब डॉलर
- मैक्सिको: 196.9 अरब डॉलर
- वियतनाम: 178.2 अरब डॉलर
- ताइवान: 146.8 अरब डॉलर

### किन वस्तुओं पर टैरिफ नहीं लगेगा

व्हाइट हाउस की ओर से जारी फैक्टशीट के अनुसार, कुछ जरूरी और महत्वपूर्ण वस्तुओं पर यह टैरिफ लागू नहीं होगा। इनमें शामिल हैं-

- खनिज और बुलियन में उपयोग होने वाली धातुएं
- ऊर्जा और ऊर्जा उत्पाद
- प्राकृतिक संसाधन और उर्वरक
- कृषि उत्पाद
- फार्मास्यूटिकल्स और संबंधित सामग्री
- कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स और यात्री वाहन

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के उलट टैरिफ की वापसी कैसे, 'धारा 122' ट्रंप के लिए आपदा में बनी अवसर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने करारा वार करते हुए पूरी तरह से अवैध करार दिया और रद्द कर दिया। हालांकि इसके तुरंत बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 150 दिनों की अवधि के लिए अमेरिका में आयातित सामान पर 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लगाने का एलान किया। यह शुल्क 24 फरवरी से लागू होगा। बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के उलट ट्रंप ने अमेरिकी कानून की धारा 122 का उपयोग करते हुए यह एलान किया।

### 150 दिनों बाद समाप्त हो जाएंगे टैरिफ

बता दें कि अमेरिकी कानून धारा 122 के तहत दुनियाभर पर लगाए गए दस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ 150 दिनों के बाद अपने आप समाप्त हो जाएंगे, जब तक कि कांग्रेस उन्हें बढ़ाने के लिए वोट न करे। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रपति चाहें तो समय से पहले भुगतान संतुलन आपातकाल की घोषणा कर इन उपायों को दोबारा लागू कर सकते हैं।



इस बात की जानकारी व्हाइट हाउस ने एक फैक्टशीट जारी कर दी। फैक्टशीट में बताया गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रेड एक्ट 1974 की धारा 122 के तहत यह कदम उठाया है। इसके जरिए राष्ट्रपति कुछ आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं को दूर करने के लिए अस्थायी आयात शुल्क और विशेष प्रतिबंध लगा सकते हैं।

**अब समझिए किन वस्तुओं पर टैरिफ नहीं लगेगा**

व्हाइट हाउस की ओर से जारी फैक्टशीट में बताया गया है कि इस टैरिफ की घोषणा के बाद कुछ जरूरी वस्तुओं पर यह शुल्क लागू नहीं होगा। इनमें कुछ महत्वपूर्ण खनिज और धातुएं, ऊर्जा और ऊर्जा उत्पाद, प्राकृतिक संसाधन और उर्वरक, कृषि उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स और संबंधित सामग्री और कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स और यात्री वाहन शामिल है।

**क्या व्यापार घाटे का सामना कर रहा अमेरिका**

हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कई बाड़ी बातें कही। उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका को इन दिनों आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं (व्यापार घाटे) का सामना करना पड़ रहा है।

घरेलू उत्पादन में कमी के कारण अमेरिका को अधिकांश जरूरतों की वस्तुएं विदेशों से आयात करनी पड़ती हैं, जिससे डॉलर अमेरिका की अर्थव्यवस्था से बाहर चला जाता है। ट्रंप ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को आदेश दिया है कि वह धारा 301 के तहत कुछ ऐसे विदेशी कानून, नीतियां और प्रथाएं जांचें जो अमेरिकी व्यापार पर गलत प्रभाव डालती हैं या उसे रोकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, धारा 122 के तहत टैरिफ लगाने के लिए औपचारिक जांच की जरूरत नहीं होती, जिससे राष्ट्रपति तुरंत कार्रवाई कर सकते हैं।

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को रद्द कर अवैध ठहराया। इसके तुरंत बाद ट्रंप ने अमेरिकी कानून की एक धारा 122 का उपयोग कर 150 दिनों के लिए आयातित वस्तुओं पर 10% अस्थायी टैरिफ लगाने की घोषणा की। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि आखिर अमेरिका राष्ट्रपति के विशेषाधिकार वाली 'धारा 122' क्या है?**

# हिंसक कार्यकर्ता समूहों पर फ्रांस की बड़ी कार्रवाई, राष्ट्रपति मैक्रों ने दिए समीक्षा के आदेश

**ल्योन।** डेरांके को श्रद्धांजलि देने का मुख्य कार्यक्रम शनिवार को ल्योन में निर्धारित था, जहां दक्षिणपंथी कार्यकताओं और वामपंथी समूहों के बीच झड़पें अक्सर होती रहती हैं। ल्योन के वामपंथी झुकाव वाले उग्रवादी समूह हाल ही में बने हैं और दशकों से मौजूद कई दक्षिणपंथी समूहों की प्रतिक्रिया स्वरूप इनका गठन हुआ है।



पेरिस कृषि मेले में बोलते हुए मैक्रों ने शनिवार को दक्षिणपंथी समूहों द्वारा आयोजित क्वेंटिन डेरांके को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम से पहले सभी से शांत रहने का आह्वान किया। क्वेंटिन डेरांके 23 वर्षीय युवक था, जिसकी पिछले सप्ताह अस्पताल में दिमाग की चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी। ये प्रदर्शन कड़ी पुलिस निगरानी में होंगे।

**सात लोगों पर लगे डेरांके की हत्या के आरोप:** इमैनुएल मैक्रों ने कहा, 'यह उस शहीद युवा देशवासी के, उसके परिवार और प्रियजनों के प्रति स्मरण और सम्मान का क्षण है। यह सर्वोपरि है। यह दृढ़ता और जिम्मेदारी का क्षण है।' क्वेंटिन डेरांके की मौत के मामले में सात लोगों पर प्रारंभिक आरोप लगाए गए हैं। ल्योन के लोक अभियोजक कार्यालय ने अनुरोध किया है कि उनमें से प्रत्येक पर जानबूझकर हत्या, गंभीर हिंसा और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया जाए।

आरोपियों में से छह पर तीनों आरोप लगाए गए थे। सातवें पर जानबूझकर हत्या में मिलीभगत, गंभीर हिंसा और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया था। डेरांके पर हमला एक छात्र सम्मेलन के दौरान धुर वामपंथी और धुर दक्षिणपंथी समर्थकों के बीच झड़प में हुआ था। इस कार्यक्रम में धुर वामपंथी सांसद रीमा हसन मुख्य वक्ता थीं।

**किसी भी प्रकार की हिंसा जायज नहीं : मैक्रों**

मैक्रों ने कहा कि वे मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे ताकि राजनीतिक दलों से जुड़े सभी हिंसक कार्यकर्ता समूहों की व्यापक समीक्षा की जा सके। उन्होंने संकेत दिया कि कुछ समूहों को भंग किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'देश में किसी भी प्रकार की हिंसा जायज नहीं है। चाहे वे कहीं से भी आए हों, मिलिशिया के लिए यहां कोई जगह नहीं है। हमें बिल्कुल भी समझौता नहीं करना चाहिए।'

# लेबनान में इस्राइली हमलों से 12 की मौत, बच्चों समेत 24 घायल; क्षेत्रीय तनाव और गहराया

**बेरूत।** लेबनान की बेका घाटी में इस्राइली हवाई हमलों में 12 लोगों की मौत और 24 घायल हुए। सैदा के फलस्तीनी शरणार्थी शिविर में भी दो लोग मारे गए। इस्राइल ने हिजबुल्लाह और हमास के ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। हमास ने आरोपों को खारिज किया।



मध्य पूर्व में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। लेबनान के पूर्वी बेका घाटी में इस्राइल के हवाई हमलों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। उसी दिन सैदा शहर के एक फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर हुए अलग हमले में दो और लोगों की जान गई। इन घटनाओं से क्षेत्र में हालात और संवेदनशील हो गए हैं।

**फेल रही ट्रंप की टैरिफ नीति:** अमेरिका ने लगाया भारी शुल्क, फिर भी भारत से व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर तक बढ़ा

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार शुक्रवार को बेका घाटी में कई ठिकानों पर हवाई हमले हुए। स्थानीय टीवी फुटेज में एक बहुमंजिला इमारत को निशाना बनते दिखाया गया। हमले के बाद इमारत में आग लग गई और राहत टीमें मलबे में फंसे लोगों की तलाश करती रहीं। इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह के कमांड सेंटर को निशाना बनाया। हिजबुल्लाह की ओर से तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई।

दिन में पहले सैदा के ऐन अल-हिलवेह फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर भी हमला हुआ। इस्राइल ने कहा कि उसने हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाया। हमास ने दो सदस्यों की मौत की पुष्टि की, लेकिन कहा कि कमांड सेंटर पर हमले का दावा कमजोर बहाना है। संगठन ने कहा कि जिस इमारत को निशाना बनाया गया वह विभिन्न फलस्तीनी गुटों की संयुक्त सुरक्षा इकाई की थी।

**संघर्ष की पृष्ठभूमि**

अक्तूबर 2023 में हमास के नेतृत्व में इस्राइल पर हुए हमले के बाद गाजा में युद्ध शुरू हुआ। इसके समर्थन में हिजबुल्लाह ने लेबनान से इस्राइल पर रॉकेट दागे। जवाब में इस्राइल ने हवाई हमले और गोलाबारी की। सितंबर 2024 में यह टकराव व्यापक युद्ध में बदल गया।

दो महीने बाद अमेरिका की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ, लेकिन पूरी तरह शांति बहाल नहीं हो सकी। तब से इस्राइल लेबनान में नियमित हमले करता रहा है। यह उस समय हुआ है जब अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत विफल होती है तो सैन्य कार्रवाई हो सकती है।

# 'टैरिफ से वसूला हुआ पैसा वापस होना चाहिए': अमेरिकी सांसद

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक वैश्विक टैरिफ को अवैध करार दिया। इसके बाद सीनेटर चक शूमर ने कहा कि वसूला गया पैसा लौटाया जाए। ट्रंप ने फैसले को शर्मनाक बताते हुए 10 प्रतिशत अस्थायी टैरिफ लागू कर दिया। मामला अब अदालत और राजनीति दोनों में गर्म है।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापार नीति पर सियासी घमासान और तेज हो गया है। अमेरिकी सीनेटर चक शूमर ने ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ को ह्लगैरकानूनीह्व बताते हुए साफ कहा है कि जो पैसा वसूला गया है, वह लौटाया जाना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी 2026 को ट्रंप की व्यापक वैश्विक टैरिफ नीति को 6-3 के बहुमत से अवैध करार दिया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों से आगे जाकर फैसला लिया।

सीनेटर शूमर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वही किया जो कानून के अनुसार सही था। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप ने देश से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए। मैन्युफैक्चरिंग नौकरियां बढ़ने के बजाय घटी हैं। कीमतें कम होने की जगह बढ़ी हैं। शूमर के अनुसार, टैरिफ के कारण आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप ने अपने भाषण में बढ़ती कीमतों पर कोई बात नहीं की और न्यायाधीशों पर व्यक्तिगत टिप्पणी की, जो गलत है।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत ट्रंप ने जो व्यापक टैरिफ लगाए, वह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर था। अदालत ने स्पष्ट किया कि टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। इस फैसले को ट्रंप की व्यापार नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### पैसा नहीं लौटा तो फिर अदालत

जब शूमर से पूछा गया कि अगर पैसा वापस नहीं किया गया तो क्या होगा, तो उन्होंने कहा, 'अदालत में मिलेंगे।' उनका कहना है कि अगर टैरिफ अवैध हैं तो उससे वसूला गया पैसा भी अवैध है और उसे लौटाना ही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप कई मामलों में कानून की अनदेखी करते रहे हैं, लेकिन अदालतों ने उन्हें कई बार जिम्मेदार ठहराया है।

### राजनीतिक और आर्थिक असर

इस फैसले के बाद अमेरिका में व्यापार नीति, महंगाई और राष्ट्रपति की शक्तियों की सीमा को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। कई सांसदों ने फैसले का स्वागत किया है, जबकि कुछ ने चिंता जताई है कि इससे बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि क्या सरकार टैरिफ से वसूली गई रकम लौटाएगी और आगे की नीति क्या होगी। यह मामला आने वाले समय में अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था दोनों पर असर डाल सकता है।

### ट्रंप की तीखी प्रतिक्रिया

फैसले के बाद ट्रंप ने इसे शर्मनाक बताया और तुरंत एक अन्य कानून के तहत अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लागू करने पर हस्ताक्षर कर दिए। उन्होंने कहा कि वह देश के हित में आयात शुल्क बनाए रखने के लिए कानूनी विकल्प तलाशेंगे। इससे साफ है कि व्यापार नीति को लेकर उनका रुख अभी भी सख्त है।




# गाजियाबाद में 'मिश्रित भू-उपयोग' नीति लागू एक ही छत के नीचे घर और व्यापार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने शहर के नियोजित विकास के लिए 'मिश्रित भू-उपयोग' नीति लागू कर दी है। इस पहल का उद्देश्य एक ही भूखंड या भवन में आवासीय, व्यावसायिक और कार्यालय जैसी सुविधाओं को समन्वित करना है, ताकि नागरिकों को आवागमन के झंझट से मुक्ति मिले और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले।

अब एक ही बिल्डिंग में घर के साथ दुकान, ऑफिस या मनोरंजन केंद्र की अनुमति होगी। महायोजना-2031 के क्षेत्र, 24 मीटर से चौड़ी सड़कें और टी.ओ.डी. जोन्स। पॉकेट ए और बी में मिश्रित उपयोग के भूखंडों के लिए 25 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक आवेदन किए जा सकते हैं। इनकी नीलामी 18 मार्च 2026 को होगी।

मुख्य उपयोग (आवासीय) 33% से अधिक और अन्य उपयोग 66% से कम होना चाहिए। भूखंड के न्यूनतम क्षेत्रफल और भवन की ऊँचाई पर कोई प्रतिबंध नहीं रखा गया है। निर्माण के लिए 2.50 बेस एफएआर के साथ सड़क की चौड़ाई के अनुसार अतिरिक्त 'क्रय योग्य एफएआर' का लाभ मिलेगा।

इस नीति से जहाँ एक ओर शहर में पार्किंग और जाम की समस्या कम होगी, वहीं दूसरी ओर ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

# यातायात पुलिस ने 6,500 से अधिक वाहनों का चालान किया, 9 वाहन सीज

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के नोएडा क्षेत्र में यातायात पुलिस ने यातायात के अलग-अलग नियमों का उल्लंघन करने पर शनिवार को 6 हजार से ज्यादा वाहनों का चालान किया। वहीं दस्तावेज नहीं होने पर 9 वाहनों को सीज किया। इस दौरान पुलिस ने छात्रों और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहतें व सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा का पाठ भी पढ़ाया।



गौतमबुद्धनगर की पुलिस आयुक्त के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा मैनुअल 2073 चालान एवं आईएसटीएमएस कैमरों की मदद से 4511 वाहनों के कुल 6584 ईझ्चालान की कार्यवाही की गई। बगैर हेलमेटझ्2149, ओवर स्पीडझ्263 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान की कार्यवाही की गई। इसके अलावा 9 वाहन सीज किए गए। वहीं विपरीत दिशा में वाहन दौड़ाने वाले 453 चालकों के चालान हुए।

पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि शनिवार को चलाये गए विशेष अभियान के दौरान साईं वंदना पब्लिक स्कूल गांव रसूलपुर नवादा सेक्टरझ्62 में छात्रों व अन्य वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के विषय एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि गति अधिक होने, लापरवाही और हेलमेट न पहनने के कारण प्रतिवर्ष अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जो परिवारों के जीवन को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है, और सड़क पर जिम्मेदारी ही सुरक्षा का आधार है। सुरक्षित यातायात केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने छात्रों से कहा कि सड़क सुरक्षा तभी सफल होगी जब नागरिक स्वयं नियमों को अपनी आदत बनाएंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने की उपस्थित लोगों को संबंधित पंपलेट वितरित कर शपथ भी दिलाई गई। तथा जनपदवासियों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें।

# संपूर्ण समाधान दिवस : वकीलों ने की चैंबर की मांग वादकारियों की हो रही गोपनीयता भंग

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने जन शिकायतें सुनीं। एक मामले में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर सीडीओ ने संबंधित लेखपाल को फटकार लगाई।




मतौर गांव निवासी वीरपाल ने शिकायत दर्ज कराई थी, कि गांव में पानी की टंकी के पास सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है। शिकायत मिलने पर सीडीओ ने लेखपाल को मौके पर बुलाया, लेकिन वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। सीडीओ ने लेखपाल को लापरवाही न बरतने की चेतावनी देते हुए तत्काल मौके पर जाकर जमीन की पैमाइश करने और उसे कब्जामुक्त कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त वकीलों ने तहसील में चैंबरों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस पर सीडीओ ने उपजिलाधिकारी को रिपोर्ट बनाकर बोर्ड में भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान वकीलों में प्रमुख रूप से एडवोकेट राकेश कुमार वरिष्ठ, उपाध्यक्ष एडवोकेट अजीत कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट अरुण भारद्वाज, सचिव एडवोकेट सौरव मुद्गल, अनुराग गुप्ता, एडवोकेटए सचिन शर्मा, एडवोकेट रविंद्र चैधरी, एडवोकेट राजकुमार गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित थे। एक अन्य शिकायत में सभासद प्रदीप शर्मा ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध तरीके से कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कॉलोनी विकसित करने के लिए मिट्टी के डंपर गुजरते हैं, जिससे सड़कें टूट रही हैं।

पूर्व सभासद विनोद गौतम ने भी बेगमाबाद-बुदाना और बिसोखर गांव में बड़े स्तर पर सरकारी जमीन पर अवैध कॉलोनियां बनाने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से शिकायत की।

# जीडीए की बड़ी कार्रवाई : शिव बाड़ा मंदिर की अवैध बनी दुकानों को फिर सील किया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर। कस्बा रोड स्थित शिव बाड़ा मंदिर के बाहर खाली पड़ी करोड़ों की सरकारी भूमि पर अवैध दुकानें बनाकर बेचे जाने की शिकायत वर्ष 2012 में एक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा जीडीए से गई थी।



शिकायत का संज्ञान लेते हुए उसी दौरान जीडीए ने कड़ी कार्रवाही करते हुये सभी दुकानों पर सीलिंग की कार्रवाही की थी, वही इस कार्रवाही के लगभग 12 वर्ष बाद अवैध निर्माणकर्ताओं ने मीलिभगत कर बिना अनुमति के दुकानों की सील तोड़ दी और दुकानों को लाखों में बेचना शुरू कर दिया। इस संबन्ध में स्थानीय लोगों द्वारा निरंतर शिकायत की जा रही थी।

शनिवार को जीडीए के अधिकारियों ने मौके पर पंहुचकर सभी दुकानों पर पुनः सिलिंग की कार्रवाही कर ताले जड़ दिये है।

# एआई समिट में कथित अराजकता देश की छवि पर आघात : कृष्ण बीर चौधरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण बीर चौधरी ने अपने बयान में कहा कि एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा कथित रूप से की गई हरकत देश के नाम पर कलंक है।



उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की गतिविधियां भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाने और विदेशी निवेशकों के बीच गलत संदेश देने का प्रयास हैं। कृष्ण बीर चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित एआई समिट का उद्देश्य भारत की तकनीकी क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना था, जहां देश के युवा अपनी प्रतिभा से विश्व में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी के इशारे पर देश की छवि धूमिल करने की साजिश रची जा रही है। उनका कहना है कि विदेशी निवेशकों को भ्रमित करने और विकास की रफ्तार को रोकने की कोशिश की जा रही है।

कृष्ण बीर चौधरी ने केंद्र सरकार से मांग की कि यदि किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि या देश विरोधी साजिश के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित एजेंसियां निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करें, ताकि देश की प्रतिष्ठा और कानून-व्यवस्था बनी रहे।



## सामुहिक विवाह



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा जनपद रामपुर के प्रभारी राजा वर्मा ने रामपुर में आयोजित सामुहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने सामुहिक विवाह कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद रामपुर प्रभारी राजा वर्मा का स्वागत भी किया गया।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल की शिक्षा और दीक्षा से सफलतापूर्व पास की जेई मेन की परीक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** व्यक्तिव का निर्माण स्कूल से लेकर परिवार तक होता है। स्कूल में मिली शिक्षा सही मायनों में किसी भी व्यक्ति के वयक्तिव का आधार होता है। आज की तारीख में शिक्षा के साथ सफलता हासिल करना वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है। ये तब संभव हो पाता है जब विद्यालय ऐसा हो जहां शिक्षा के साथ साथ जीवन मूल्यों की दीक्षा भी प्राप्त होती है।


कुशाग्र द्विवेदी 99.7% | आदित्य चतुर्वेदी 97.98% | लक्षिता शर्मा 96.12% | देवांश ढाका 93.84%

शिक्षा का पैटर्न भी सफलता की नींव रखता है। ये सब वो चीजें हैं जो सब जगह नहीं मिल पाती हैं। ये तभी संभव होता है जब स्कूल के भीतर अनुशासन होता है और सफलता का एक विजन होता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो फिर सबसे पहला नाम उस स्कूल का भी आता है जहां के होनहार टॉप करते हैं। इसी से पता चलता है कि स्कूल में शिक्षा का मानक क्या है और सबसे बड़ी बात ये कि फीस का स्ट्रक्चर क्या है। छात्रों की सफलता में अपनी भागीदारी और उनकी सफलता पर प्रफुल्लित होता एक विद्यालय भागीरथ पब्लिक स्कूल भी है। जब इस स्कूल के चार होनहार छात्रों ने जेई मेन्स की परीक्षा में सफलता हासिल की तो भागीरथ स्कूल भी अपने होनहारों की सफलता में आगे आया। ये सफलता ऐसे ही नहीं मिली है। इसके लिए स्कूल ने भी मेहनत की है।

ये सफलता इस बात की गवाह है कि भागीरथ पब्लिक स्कूल का शैक्षिक ढांचा टॉप क्लास है। यहां फीस की व्यवस्था संतोष जनक है और अनुशासन के साथ साथ अध्ययन पर सबसे ज्यादा फोकस है। भागीरथ पब्लिक स्कूल को अमिताभ शुक्ल और अनादि शुक्ल द्वारा संचालित किया जा रहा है।

ये वो नाम हैं जो अपने आप में शिक्षा के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। अमिताभ शुक्ल और अनादि शुक्ल दोनों ही ऐसे चेहरे हैं जो शिक्षा को व्यक्तिव निर्माण का सबसे बड़ा कारक मानते हैं। वो अनुशासन और लगातार सतत अध्यन के साथ जीवन पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा छात्रों को देते हैं। सफलता का एक अध्याय इस स्कूल ने लिखा है। और कैरियर की एक शानदार शुरूआत होगी।

इस वर्ष जेई मेन्स 2026 के सफल अभ्यर्थियों में कुशाग्र दिवेदी ने 99.7 प्रतिशत अंकों के साथ जेई मेन्स की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसी तरह आदित्य चतुर्वेदी ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया है।

भागीरथ पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा लक्षिता शर्मा ने 96.12 प्रतिशत अंक हासिल किये और शानदार सफलता हासिल की है। इसी तरह भागीरथ पब्लिक स्कूल के देवांश ढाका ने 93.84 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए भागीरथ पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है। सबसे खास बात ये है कि आज के दौर में उच्च शिक्षा मानकों और अफोर्डेबल फीस स्ट्रक्चर के साथ भागीरथ पब्लिक स्कूल ने ये संदेश दिया है कि अगर शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के साथ स्कूल प्रबंधन और शिक्षक मिलकर काम करते हैं तो फिर सफलता भी मिलती है और ये सफलता स्कूल को गौरवान्वित करती है और छात्रों के जीवन को सफल, उज्जवल और प्रकाशमय कर देती है। भागीरथ पब्लिक स्कूल के हिस्से में ये मुकाम आया है। स्कूल ने बड़ी सफलता हासिल की है और एक ही स्कूल के चार विद्यार्थियों ने वास्तव में स्कूल का भी नाम रोशन किया है।

# भाजपा के दिग्गज नेता स्व. विंध्यवासिनी कुमार को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय के सभा कक्ष में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पूर्व नेता सदन और भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री स्व. विंध्यवासिनी कुमार की स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के गणमान्य व्यक्तियों, राजनेताओं और पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावांजलि दी।










श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शिक्षाविद पृथ्वी सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन भाजपा नेता व आरटीआई एक्टिविस्ट सचिन सोनी द्वारा किया गया। सभा में वक्ताओं ने विंध्यवासिनी के बहुआयामी व्यक्तित्व और उनके लंबे राजनीतिक सफर को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि विंध्यवासिनी कुमार न केवल एक कुशल संगठनकर्ता थे, बल्कि उनकी कार्यशैली और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका प्रेम सदैव स्मरणीय रहेगा। सभा में मौजूद पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही और पूर्व सदस्य अल्पसंख्यक आयोग सरदार एसपी सिंह ने उनके साथ बिताए गए प्रेरक प्रसंगों को साझा किया।

सभा में वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव, एडवोकेट व पूर्व पार्षद संजय कश्यप, पार्षद वीरेंद्र त्यागी और पार्षद नीरज गोयल ने भी अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ पत्रकार गौरव त्यागी, अवधेश वत्स, कार्तिकेय त्यागी सहित विंध्यवासिनी के अनेक प्रशंसकों ने उनकी कमी को अपूरणीय क्षति बताया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का सामूहिक मौन रखा। उपस्थित जनों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# जर्जर बिजली का खंबा दे रहा बड़े हादसे को न्यौता विभाग की लापरवाही से निवासियों में भारी रोष

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लिंक रोड थाने के समीप लगा एक बिजली का खंबा इस समय क्षेत्र के लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। खंबा पूरी तरह से जर्जर होकर झुक चुका है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। हैरत की बात यह है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। राहगीरों और पास से गुजरने वाले वाहनों पर गिरने का डर। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतें फाइलों में दबी हुई हैं।





स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने बताया कि यह खंबा काफी समय से खराब स्थिति में है। व्यस्त इलाका होने के कारण यहाँ से दिन-रात सैकड़ों लोग और गाड़ियाँ गुजरती हैं। बारिश या तेज हवा के दौरान खतरा और भी बढ़ जाता है। लोगों का कहना है कि विभाग शायद किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। सोनू चौधरी ने बताया कि अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायत दी है, लेकिन अब तक कोई टीम निरीक्षण करने भी नहीं आई। क्या विभाग हादसे के बाद ही जागेगा। इस मामले में जब बिजली विभाग के स्थानीय कार्यालय से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो हमेशा की तरह 'जल्द कार्रवाई' का रटा-रटाया आश्वासन मिला। फिलहाल, जनता डरी हुई है और उच्च अधिकारियों से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग कर रही है।

# वसुंधरा के सुभाष पार्क में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के सुभाष पार्क में भगत सिंह एवं अभिमन्यू बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में भव्य 'विराट रहन्दू सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।





**कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण:**

**हवन-पूजन:** कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और सामूहिक हवन-पूजन के साथ होगा।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां:** क्षेत्र के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

**भजन संध्या:** सुप्रसिद्ध भजन मंडलियों द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

मुख्य रूप से अवसर पर आध्यात्मिक नित्यचेतन महाराज हरियाणवी सुपरस्टार उत्तर कुमार, कंचन माहेश्वरी और श्रीकांत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति द्वारा प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे कार्यक्रम के उपरांत भोजन एवं प्रसाद ग्रहण करके ही प्रस्थान करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद शिल्पा चौधरी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आशीष चौधरी भगवत प्रसाद लल्लन शर्मा गंगासागर विजेंद्र सिंह मनोज मोनू पालीवाल कमल पंकज अखिलेश अरविंद चौहान सुखदेव आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# पेफोन मशीन के नाम पर ठगी

## किराना दुकानदार के खाते से 16 हजार रुपये उड़ाए

**नोएडा।** दनकौर कस्बे में एक किराना स्टोर संचालक साइबर ठगी का शिकार हो गए। पेफोन मशीन लगाने के बहाने उनके बैंक खाते से 16 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने शनिवार शाम कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। अमेठी जिले के मूल निवासी सतीश दनकौर कस्बे में किराना स्टोर चलाते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और पेफोन मशीन लगाने का प्रस्ताव दिया। मशीन स्थापित करने की प्रक्रिया के दौरान आरोपी ने सतीश के बैंक खाते की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपी ने उनके खाते से कई किश्तों में कुल 16 हजार रुपये निकाल लिए। सतीश को मोबाइल पर आए मैसेज से रकम कटने की जानकारी मिली। शुरूआत में उन्हें तकनीकी गड़बड़ी का संदेह हुआ, लेकिन शनिवार को बैंक जाकर पासबुक और खाते का विवरण चेक कराने पर धोखाधड़ी की पुष्टि हुई।



घटना के बाद पीड़ित ने दनकौर कोतवाली पहुंचकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस संबंधित बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटा रही है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने लोगों से साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने दनकौर कोतवाली क्षेत्र से 30 से 40 लोग साइबर ठगी का शिकार होते हैं, जिसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी है।